CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-03-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: ccl Time: 03-01-2026 23:02 Color:

नई दिल्ली > सोमवार, 2 मार्च 2026 > फाल्गुन ॥ शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 52 > पेज 14* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*वार्षिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स







एनसीआर में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

## 8 मार्च को बाइक रैली में आ रही हैं आप?

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर NBT की ऑल वुमन बाइक रैली अपने 12वें माइलस्टोन एडिशन में नई थीम Driving Forces of the Nation के साथ लौटी है। रैली लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड्स और INMA जैसे अवॉर्ड पा चुकी है। अगर आपके पास स्कूटर या बाइक है तो आप भी रजिस्ट्रेशन कराकर वुमन बाइक रैली का हिस्सा हो सकते हैं। रविवार, 8 मार्च को होने वाली रैली के लिए आप आज ही रजिस्ट्रेशन करा लें।

ऐसे बनें हिस्सा
7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें

तारीख: रवि., 8 मार्च 2026
जगह: A-ब्लॉक पार्किंग कर्नाट प्लेस

ALL WOMEN BIKE RALLY NBT

## मुकद्दस रमजान

इफ्तार सोमवार
सुन्नी 6:21 pm
शिया 6:33 pm

सहरी मंगलवार
सुन्नी 5:27 am
शिया 5:16 am

*10 + 4 FaridabadTimes

# ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत

### खामेनेई के साथ ही बेटी, दामाद और पोती भी नहीं रहे | पूर्व राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख की जान गई | 48 घंटे में 215 लोग मारे गए, अकेले ईरान में ही 200 मौतें




■एपी/एएफपी, तेहरान

**अमेरिका और** इस्राइल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। उनकी उम्र 86 साल थी। वह 1989 से इस्लामी गणराज्य के सबसे बड़े नेता थे। ईरान के सरकारी टीवी के प्रेजेंटर ने रोते हुए खामेनेई की मौत की घोषणा की। ईरानी मीडिया ने खामेनेई की बेटी, दामाद और पोती की मौत की भी खबर दी। सूत्रों के मुताबिक, हमले में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की जान गई। साथ ही ईरानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ और रक्षा मंत्री भी मारे गए। ईरान की सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख जनरल मोहम्मद पाकपोर के भी मारे जाने की भी पुष्टि हुई है। इस अभियान में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और पांच घायल हैं। इस्राइल ने कहा, 'खामेनेई की मौत के साथ दशकों पुराने अध्याय का अंत हो गया।' ईरान ने चेतावनी दी कि वह सबसे बड़ा हमला करेगा। हमलों में 215 से लोगों की जान गई है। सिर्फ ईरान में 200 जानें गई हैं।

> 86 साल के थे खामेनेई, 1989 से थे ईरान के सुप्रीम लीडर



खामेनेई की मौत की पुष्टि के बाद ईरान की राजधानी तेहरान के इंकलाब चौक पर सरकार समर्थक बड़ी तादाद में जमा हुए।

### यहां किया गया हमला...




### US वॉरशिप भी निशाने पर

- ईरान ने अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त किया। एक-दो दिन में नए सर्वोच्च नेता चुने जाएंगे।
- ईरान ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद, दुबई, कुवैत और US वॉरशिप पर हमला किया।
- इस्राइल ने दूसरे दिन भी ईरान पर हमला किया। सेना ने कहा, दो फाइटर जेट गिराए।
- खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में प्रदर्शनकारी-पुलिस भिड़े, 10 लोगों की जान गई।

### भारत ने वीजा में राहत का भरोसा दिया

केंद्र ने कहा है कि जिन विदेशी नागरिकों की फ्लाइट्स कैंसल हो गई है, उन्हें वीजा बढ़वाने में मदद दी जाएगी। विदेश मंत्रालय ने फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (FRRO) से संपर्क करने को कहा है।


### दो दिनों में 850 से अधिक फ्लाइट कैंसल

दो दिनों में 850 से अधिक इंटरनैशनल फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी हैं। रविवार को भारत से केवल मिडल-ईस्ट देशों के लिए जाने वाली 350 से अधिक फ्लाइटों को कैंसल किया गया।

मिडल-ईस्ट

### एयरपोर्ट्स बंद होने से फंसे भारतीय, बढ़ी मुश्किलें


**पीटीआई, नई दिल्ली:** मिडल-ईस्ट में हमलों के बीच दुबई और दूसरे प्रमुख एयरपोर्ट्स पर सैकड़ों भारतीय फंस गए हैं। उनमें कई सिलेब्रिटी और राजनेता भी शामिल हैं। दुबई में फंसने वालों में कर्नाटक के जेडीएस एमएलसी भोजेगौड़ा, बंगाली ऐक्ट्रेस सुभश्री गांगुली और उनका बेटा भी शामिल है।



मध्य प्रदेश के 700, कर्नाटक के 52 लोग, पुणे के 84 एमबीए स्टूडेंट्स भी एयरस्पेस बंद होने के कारण फंस गए हैं। » पेज 2,7

### भारत वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में


■पीटीआई, कोलकाता: भारत ने T20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। रविवार को सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में उसने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हरा दिया। उसके सामने 196 रन का टारगेट था। संजू सैमसन की शानदार बैटिंग (50 गेंद में 97 रन) की बदौलत उसने मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गेंदबाजी में भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह सबसे सफल रहे। उन्होंने 2 विकेट निकाले।





### मौसम

अधिकतम तापमान 30.7°
15.4° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त सोमवार 6.21 | सूर्योदय मंगलवार 6.44

3 साल में मार्च की शुरुआत सबसे गर्म। इस हफ्ते पारा कम नहीं होगा।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRBP User: cci Time: 03-02-2026 00:20 Color:




## NBT AI टाइम मशीन

### आज रजिस्टर्ड हुआ था Yahoo

आज ही के दिन 1995 में Yahoo एक कंपनी के तौर पर रजिस्टर्ड हुई थी। हालांकि इसकी शुरुआत जनवरी 1994 में ही हो गई थी। इसकी शुरुआत स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के दो स्टूडेंट्स, जेरी यांग (Jerry Yang) और डेविड फिलो (David Filo) ने की थी। 90 के दशक के अंत में याहू दुनिया का सबसे चर्चित वेब पोर्टल था। लोग ईमेल, समाचार और मैसेंजर के लिए सबसे पहले इसी का इस्तेमाल करते थे।



### भविष्य में सोचते ही मिलेगा जवाब

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में किसी जानकारी के लिए आज की तरह सर्च नहीं करना होगा। बस सोचने भर से जवाब सामने होंगे। AI इतना समझदार होगा कि आपके हिसाब से ही जानकारी समझाएगा- विडियो, 3D या लाइव डेमो के साथ। किसी भी भाषा की रुकावट नहीं रहेगी। गलत खबरें लगभग खत्म हो जाएंगी क्योंकि सिस्टम तुरंत सच-झूठ पहचान लेगा। मतलब, जानकारी पाना उतना ही आसान होगा जितना किसी दोस्त से सवाल पूछना।



AI Images

## SPEED News



**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री** अमित शाह ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई में गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी दिवस समागम समारोह में गुरु साहिब की स्मृति को नमन कर उपस्थित संगत से संवाद किया।




**10 मार्च को स्थापना दिवस से पहले** CISF के 32 हजार से अधिक कॉन्स्टेबलों को 'सीनियर कॉन्स्टेबल' के रूप में पदोन्नत किया गया है। यह कार्यक्रम CISF मुख्यालय में आयोजित हुआ।




NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।
IRA 2026
बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।
सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।
हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें। वॉट्सऐप नंबर - 7003890071


# चीन का दावा, स्टेम-सेल से ठीक की टाइप-2 डायबिटीज़



AI Image

## दावा: मरीज़ को इंसुलिन की ज़रूरत नहीं

■ NBT रिपोर्ट : डायबिटीज के इलाज में स्टेम-सेल थेरेपी बड़ी उम्मीद बनकर सामने आ रही है। सबसे पहले ब्राजील में एक स्टडी ने दिखाया कि इस से टाइप 1 डायबिटीज के मरीज लंबे समय तक इंसुलिन से मुक्त रह सकते हैं। अब चीन के वैज्ञानिकों ने टाइप-2 डायबिटीज को स्टेम-सेल से रिवर्स करने में सफलता हासिल कर इस उम्मीद को और मजबूत कर दिया है।

### मरीज को इंसुलिन से छुटकारा

ब्राजील की स्टडी के बाद चीन के वैज्ञानिकों ने टाइप-2 डायबिटीज के मरीज पर स्टेम-सेल थेरेपी का प्रयोग किया। उन्होंने मरीज की स्टेम-सेल को लैब में इंसुलिन बनाने वाली बीटा कोशिकाओं में बदलकर शरीर में ट्रांसप्लांट किया। ट्रांसप्लांट के बाद ये कोशिकाएं खुद इंसुलिन बनाने लगीं और मरीज को न तो इंसुलिन इंजेक्शन की जरूरत रही और न ही शुगर की दवाओं की।



### इस तरह काम करती है थेरेपी

- स्टेम-सेल ऐसी खास कोशिकाएं होती हैं, जो शरीर की जरूरत के अनुसार किसी भी प्रकार की कोशिका में बदली जा सकती हैं।
- वैज्ञानिक इन्हें लैब में पैंक्रियाज की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं में बदलते हैं और फिर मरीज के शरीर में डालते हैं।
- इसके बाद शरीर खुद ब्लड शुगर को नियंत्रित करने लगता है, मरीज को राहत मिलने लगती है।

### ब्राजील की स्टडी, वर्षों बिना इंसुलिन रहे मरीज़

ब्राजील में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित 21 लोगों पर क्लिनिकल ट्रायल किया गया। इसमें मरीजों को स्टेम-सेल थेरेपी दी गई, जिसके बाद ज्यादातर मरीज करीब साढ़े तीन साल तक बिना इंसुलिन के रह सके। एक मरीज तो आठ साल तक बिना इंसुलिन इंजेक्शन के सामान्य जीवन जीता रहा। हालांकि, यह इलाज हर मरीज में पूरी तरह सफल नहीं रहा, लेकिन इससे यह साबित हुआ कि स्टेम-सेल से शरीर की इंसुलिन बनाने की क्षमता वापस लाई जा सकती है।



### थेरपी से भारत के लिए भी भविष्य में उम्मीद

भारत में करोड़ों लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं और बड़ी संख्या में मरीज इंसुलिन पर निर्भर हैं। अगर स्टेम-सेल थेरेपी सुरक्षित और सस्ती साबित होती है तो भविष्य में डायबिटीज का इलाज स्थायी रूप से संभव हो सकता है और मरीजों को रोज-रोज इंजेक्शन और दवाओं से राहत मिल सकती है। हालांकि, कुछ भारतीय मरीजों ने भी स्टेम सेल से टाइप 1 डायबिटीज के इलाज कराने का दावा किया है। कुछ निजी सेंटर इसकी सुविधा देने का दावा करते हैं। हालांकि, यह इलाज बहुत महंगा है।

# तमिलनाडु में PM की हुंकार, भ्रष्टाचार पर DMK को घेरा

### परिवारवाद और जनभावनाओं की अनदेखी के आरोप लगाए | तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

■ भाषा, मदुरै/पुडुचेरी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी DMK सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने DMK पर भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जनता की भावनाओं की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए।

मोदी ने तिरुप्परंकुंड्रम मंदिर के दीप जलाने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि DMK सरकार ने श्रद्धालुओं की भावनाओं को नजरअंदाज किया। इस मामले में एक श्रद्धालु ने अपनी जान तक दे दी, जो बेहद दुखद है। मोदी ने भरोसा जताया कि भगवान मुरुगन के भक्तों की जीत जरूर होगी।

उन्होंने DMK सरकार पर कई बड़े घोटालों के आरोप भी लगाए, जिनमें नौकरी घोटाला, ट्रांसफर घोटाला, कॉन्ट्रैक्ट घोटाला और रेत खनन घोटाला शामिल हैं। मोदी ने कहा कि DMK सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में NDA गठबंधन तमिलनाडु में सरकार बनाएगा।

मोदी ने रविवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुल 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स भी शुरू किए। इस मौके पर मोदी ने कहा कि केंद्र का सामूहिक लक्ष्य विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है।



PTI

**राजनीति के बीच भक्ति...** मोदी ने तिरुप्परनकुंड्रम स्थित प्रसिद्ध अरुलमिगु सुब्रह्मण्य स्वामी मंदिर में पूजा की।

### शशिकला ने नई पार्टी का किया ऐलान

■ आईएएनएस, चेन्नै : तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की विश्वासपात्र रहीं वी.के. शशिकला ने नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर दी है। उन्होंने अम्मा द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (ADMK) नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई है, जिसे टीटीवी दिनाकरण की अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कड़गम (AMMK) के लिए चुनौती माना जा रहा है।



शशिकला

### बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटे: नितिन

■ भाषा, कूच बिहार : बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटाये गए हैं। नबीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद आया है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में पार्टी की परिवर्तन यात्रा को रवाना करने से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने दावा किया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे।



### विस्फोट के बाद कई शव बुरी तरह झुलसे मिले

# नागपुर की फैक्ट्री में धमाका, 18 लोगों की गई जान, 24 हुए घायल

■ पीटीआई, नागपुर



PTI

हादसा काटोल तहसील के राउलगांव स्थित एक फैक्ट्री में हुआ।

**महाराष्ट्र के** नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण करने वाली फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 अन्य घायल हो गए। हादसा काटोल तहसील के राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की फैक्ट्री में हुआ।

पुलिस के मुताबिक, विस्फोट इतना तेज था कि कई शव बुरी तरह झुलसे मिले, जिनकी पहचान मुश्किल हो गई। मृतकों की पहचान के लिए परिजनों के डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। घटना के बाद परिजन फैक्ट्री परिसर के बाहर जुट गए और अपनों की जानकारी के लिए व्याकुल दिखे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे की गहन जांच के आदेश दिए हैं। घायलों को तुरंत नागपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि धमाका सुबह सात से सवा सात बजे के बीच डिटोनेटर पैकिंग यूनिट में हुआ, जहां उस समय सक्रिय निर्माण कार्य नहीं चल रहा था। कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों और उनके परिजनों को हरसंभव सहायता देने तथा घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है।

### GST कलेक्शन की रफ्तार 5 महीनों में सबसे ज्यादा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : फरवरी में GST कलेक्शन सालभर पहले से 8.1% बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा। जनवरी के 1.93 लाख करोड़ रुपये के कलेक्शन से यह कम रहा, लेकिन ग्रोथ रेट 5 महीनों में सबसे ज्यादा रही। इस वित्त वर्ष में फरवरी तक कुल कलेक्शन 20.27 लाख करोड़ हो गया, जो सालभर पहले की इसी अवधि से 8.3% ज्यादा है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। 2024-25 में कुल संग्रह 22.08 लाख करोड़ था।




### कोबरा बटैलियन के सहायक कमांडेंट सहित दो घायल

■ पीटीआई, चाईबासा

**झारखंड के** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में कोबरा बटैलियन के एक सहायक कमांडेंट सहित दो जवान घायल हो गए। घटना रविवार को सारंडा जंगल क्षेत्र में चलाए जा रहे एंटी-नक्सल अभियान के दौरान हुई।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल जंगल में अभियान चला रहे थे, तभी आईईडी फट गया। धमाके के तुरंत बाद नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। विस्फोट में कोबरा के एक सहायक कमांडेंट घायल हुए, जबकि मुठभेड़ के दौरान पहले से घायल एक अन्य जवान को गोली भी लगी।

#### छत्तीसगढ़ में 15 नक्सलियों का सरेंडर

■ पीटीआई, महासमुंद : छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में विशेष जोनल कमिटी सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने इसे राज्य की पुनर्वास नीति के तहत अहम सफलता बताया।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ईरान में अंतरिम सुप्रीम लीडर किसे चुना गया है?
A. अयातुल्लाह अराफी B. रहमतुल्ला C. गुलाम मोहसेनी
2. GST कलेक्शन फरवरी में कितना रहा??
A. 1.83 लाख करोड़ B. 1.63 लाख करोड़ C. 1.23 लाख करोड़
3. जयललिता की विश्वासपात्र रहीं शशिकला की पार्टी का नाम क्या है?
A. ADMK B. SDMK C. JDMK
4. वनडे इंटरनैशनल की आखिरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट की कप्तान एलिसा हीली का स्कोर कितना रहा?
A. 158 रन B. 138 रन C. 118 रन
5. BJP की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत इनमें किस राज्य में हुई??
A. असम B. पश्चिम बंगाल C. तमिलनाडु

**कल के जवाब**
A1 C. HPV A2 A. केरलम A3 C. 6 घंटे A4 B. Railone ऐप A5 B. इस्राइल

**लकी विनर्स**



1. दीपक कुमार गुप्ता, नई दिल्ली
2. सुनीता जैन, ईस्ट पंजाबी बाग
3. मनोज सक्सेना, साहिबाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# पाक-अफगानिस्तान जंग के बीच LoC पर अलर्ट



सीमा पार से कोई घुसपैठ ना हो, इसे लेकर पूरी मुस्तैदी है।

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : पाकिस्तान-अफगानिस्तान जंग के बीच लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) पर भारतीय सेना हाईअलर्ट पर है। हर हरकत पर नजर रखी जा रही है। सीमा पार से कोई घुसपैठ ना हो, इसे लेकर पूरी मुस्तैदी है।

पुंछ में रविवार तड़के पाकिस्तान की तरफ से आया ड्रोन दिखाई दिया, जिसे सतर्क सैनिकों ने देखा और गोली बरसाई। ड्रोन वापस LoC पार चला गया। पिछले 3 दिन में ड्रोन देखे जाने की दूसरी घटना है। पहले भी LoC पार से ड्रोन आते रहे हैं। जनवरी में भी पाकिस्तान की तरफ से कई ड्रोन आए थे। तब भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि ये डिफेंसिव ड्रोन थे जो ऊपर आकर देखना चाहते थे कि कहीं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई तो नहीं हो रही, हो सकता है कि वो ये भी देख रहे हों कि कहीं इंडियन आर्मी की तैनाती में कोई गैप तो नहीं है जहां से वो आतंकी भेज सकें।

> सैनिकों ने पुंछ में मंडरा रहे पाकिस्तानी ड्रोन को खदेड़ा।

आर्मी चीफ ने तब कहा था कि उन्होंने (पाकिस्तान) देख लिया होगा कि आज की तारीख में ऐसा कोई गैप नहीं है, जहां से पाकिस्तान आतंकी भेज सके।

### आतंकी गतिविधियों को लेकर सतर्कता

पाक-अफगानिस्तान जंग का फायदा उठाकर पाकिस्तान के आतंकी संगठन कश्मीर में हरकत करने की कोशिश कर सकते हैं, इसे लेकर दो तरह की राय है। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान पर जितनी अस्थिरता बढ़ती है उसका फायदा आतंकी उठाकर फिर से खुद को री-ग्रुप कर सकते हैं और भारत में कोई हरकत करने की कोशिश कर सकते हैं। हालांकि, सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स का ये भी मानना है कि अगर पाकिस्तान अपनी पश्चिमी सीमा पर उलझा रहता है तो भारत की तरफ उसका फोकस कुछ हद तक कम हो सकता है। दूसरा पहलू यह है कि पाकिस्तान अपने लोगों को दिखाने के लिए भारत में कुछ हरकत की कोशिश कर सकता है, इसलिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हैं।



इस बीच अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसने बगराम एयरबेस पर पाक सेना के हवाई हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया है।

# 'पुनर्वास संस्था के रूप में काम करे ओपन जेल'

### जेलों में भीड़ और ओपन जेल से संबंधित याचिका पर SC में हुई सुनवाई

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com




AI Image

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने ओपन जेलों के विस्तार और सुधार के लिए पैन इंडिया निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा कि इन्हें सुधार और पुनर्वास की सार्थक संस्थाओं के रूप में कार्य करना चाहिए।

बेंच ने कहा कि ये निर्देश इसलिए जारी किए जा रहे हैं ताकि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत प्रदत्त समानता, भेदभाव-निषेध और गरिमा के साथ जीने के अधिकार के संवैधानिक दायित्व को ध्यान में रखकर की जेलों के प्रशासन में सार्थक रूप से लागू किया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान बंद जेलों की तुलना में ओपन करेक्शनल इंस्टिट्यूशन्स (ओपन जेल) के आर्थिक लाभ पर भी ध्यान दिया। राजस्थान के आंकड़ों का उल्लेख किया, जिनके अनुसार बंद जेल में एक कैदी पर राज्य को प्रति माह लगभग 3,000 खर्च करने पड़ते हैं, जबकि ओसीआई में एक कैदी पर प्रति माह लगभग 50 रुपये का खर्च आता है। अदालत ने कहा कि विशेष रूप से इस गंभीर अंतर, बल्कि यह कहें कि बंद जेलों की तुलना में ओपन ओसीआई के गंभीर आर्थिक लाभ पर ध्यान दिया है। न्यायालय ने ये निर्देश जेलों में भीड़भाड़ और ओपन जेल के संचालन से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किए। अदालत ने गोवा, हरियाणा, झारखंड, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और तेलंगाना राज्यों, जहां वर्तमान में कोई भी कार्यरत ओसीआई नहीं है, को ऐसे संस्थानों की आवश्यकता का आकलन करने और एक प्रोटोकॉल तैयार करने का निर्देश दिया।

#### संस्थानों का नहीं हो रहा पूरा उपयोग

NBT Lens — खबरों के अंदर की बात

मई 2024 में न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि खुली जेलों या शिविरों की स्थापना भीड़भाड़ की समस्या का एक समाधान हो सकती है और यह भी उल्लेख किया था कि ऐसा तंत्र राजस्थान में कार्यरत है। 17 मई 2024 को न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक मॉडल प्रारूप मैनुअल तैयार किया है, जिसमें खुली जेलों को ओसीआई के रूप में रेफर किया गया है। उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि इन संस्थानों का पर्याप्त उपयोग नहीं हो रहा है।

### दस हुए थे अरेस्ट

## AI समिट विरोध मामले में गिरफ्तार आरोपियों को बेल

■ भाषा, नई दिल्ली: पटियाला हाउस कोर्ट ने AI समिट विरोध मामले में गिरफ्तार 9 आरोपियों को जमानत दे दी। सिद्धार्थ अवधूत की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। उन्हें 4 दिन की और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि दिल्ली में हाल ही में आयोजित AI समिट के विरोध प्रदर्शन के दौरान 10 यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले, AI समिट के विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार कांग्रेस नेता उदय भानु चिब को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। इस मामले में पुलिस ने यूथ कांग्रेस के कई नेताओं को अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया था।

> एक आरोपी सिद्धार्थ अवधूत की जमानत याचिका खारिज

### शरीयत के प्रावधान लागू करने के बारे में केंद्र, राज्यों से मांगा जवाब

■ राजेश चौधरी, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत) कानून की धारा 4 के प्रावधानों को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समान रूप से लागू नहीं किया गया है। कोर्ट ने इस संबंध में एक व्यापक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने कहा।



बेंच ने कहा कि यह मसला हमारे संज्ञान में लाया गया है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से पेश वकीलों से अनुरोध किया कि वे कानून के कार्यान्वयन की वास्तविक स्थिति का पता लगाकर न्यायालय को सूचित करें।

**क्राइम और ऐक्शन...** GST इंटेलिजेंस कर रही है जांच, करोड़ों रुपये की GST चोरी का संदेह

# मनी गेम से जुड़े फिनो बैंक के CEO के तार!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**कार्रवाई** CEO ऋषि गुप्ता (इनसेट) मनी गेमिंग में अरेस्ट।

**फिनो पेमेंट्स** बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ऋषि गुप्ता को ऑनलाइन मनी गेमिंग से जुड़े एक मामले में अरेस्ट किया गया। ऑनलाइन मनी गेमिंग पर देश में प्रतिबंध है।

सूत्रों ने बताया कि मामले में करोड़ों की GST चोरी का संकेत है और डायरेक्टरेट जनरल ऑफ GST इंटेलिजेंस (DGGI) इसकी गहराई से जांच कर रहा है। गुप्ता की गिरफ्तारी को लेकर इंफोसिस के पूर्व बोर्ड मेंबर मोहनदास पाई ने सवाल उठाया था, जिसके बाद उनके सोशल मीडिया पोस्ट को टैग करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस मामले पर गौर करेंगी। फिनो पेमेंट्स बैंक ने शुक्रवार को बताया था कि टैक्स अथॉरिटीज ने गुप्ता को GST से जुड़े कानूनों के कथित उल्लंघन के मामले में अरेस्ट कर लिया है। इसके बाद बैंक ने एक स्पेशल बोर्ड मीटिंग बुलाई थी और गुप्ता की जगह पर चीफ फाइनैंशल ऑफिसर केतन मर्चेंट को नियुक्त कर दिया था। बैंक ने कहा था कि यह जांच बैंक के बिजनेस पार्टनर्स से जुड़ी है, न कि बैंक के GST नियमों के पालन करने से।

### करोड़ों रुपये की GST चोरी का है आरोप

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि DGGI ऑनलाइन मनी गेमिंग के एक मामले की जांच कर रहा है, जिस पर प्रतिबंध है। जांच में संकेत मिला है कि कई शेल कंपनियों और पेमेंट एग्रीगेटर्स के जरिए करोड़ों रुपये की GST चोरी की गई है। इन इकाइयों का इस्तेमाल ऑनलाइन मनी गेमिंग के जरिए मिली रकम को छिपाने में किया गया है। इस फ्रॉड में बैंक का एक अधिकारी अरेस्ट कर लिया गया है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 03-01-2026 22:28 Color:






# खामेनेई की मौत के बाद भारत समेत दुनिया में आक्रोश

# कराची में दूतावास निशाना

पीटीआई, नई दिल्ली/कराची

**ईरान के** सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि के बाद पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन तेज हो गए। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए। पाकिस्तान के ही स्कर्दू में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस (UN) के ऑफिस में आग लगा दी है।

अधिकारियों के मुताबिक, बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर बढ़े और गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि अब तक 10 शव अस्पताल लाए गए हैं, जिनमें कुछ पर गोली लगने के निशान हैं। करीब 30 घायलों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है, जिनमें चार पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं और कहा है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मृतकों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने गोली मारी।

Photos: AP/AFP/PTI




शिया समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई की हत्या के विरोध में लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट पर आग लगाई और विरोध रैली में हिस्सा लिया।




खामेनेई की मौत के विरोध में शिया समुदाय ने लखनऊ में प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारेबाजी की गई।

## कश्मीर में स्कूल-कॉलेज बंद

भारत में भी विरोध के स्वर सुनाई दिए। श्रीनगर समेत कश्मीर के कई शिया बहुल इलाकों में प्रदर्शन हुए। एहतियातन कश्मीर मंडल में सोमवार और मंगलवार को स्कूल और कॉलेज बंद रखने का फैसला किया गया है। उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने खामेनेई की मौत पर शोक और आक्रोश जताया है। लखनऊ के छोटा इमामबाड़ा में प्रदर्शन और शोक सभा की घोषणा की गई है, जबकि शिया समुदाय ने तीन दिन के शोक का ऐलान किया है।



कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों ने हिंसक प्रदर्शन करते हुए पुलिस की कार में आग लगा दी।



जम्मू-कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा इलाकों में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## खामेनेई

### 36 साल की नेतृत्व कहानी



**जन्म:** 19 अप्रैल 1939, मशहद, ईरान

**पद:** ईरान के सर्वोच्च नेता (1989 से)

**■ शुरुआती जीवन और शिक्षा**

खामेनेई ने मशहद और कोम में इस्लामी धर्मशास्त्र की पढ़ाई की। वे 1979 की ईरानी इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के करीबी सहयोगी रहे।

**■ राजनीतिक सफर**

1981 से 1989 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे। 1989 में अयातुल्ला खुमैनी के निधन के बाद उन्हें देश का सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया। सर्वोच्च नेता के रूप में वे ईरान के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ भी रहे।

**■ विदेश और सुरक्षा नीति**

ईरान की परमाणु नीति पर अंतिम निर्णयकारी भूमिका निभाई। 2015 के परमाणु समझौते को मंजूरी दी, लेकिन 2018 में US के समझौते से हटने का विरोध किया। लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में ईरान के प्रभाव को समर्थन देने की नीति अपनाई।

**■ नेतृत्व शैली:** खामेनेई सख्त और सतर्क निर्णयकर्ता माने जाते हैं। समर्थक उन्हें ईरान की संप्रभुता का रक्षक बताते हैं। आलोचक राजनीतिक स्वतंत्रताओं पर नियंत्रण और असहमति के प्रति कठोर रवैये को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

## ईरान को मिला अंतरिम सुप्रीम लीडर



अलीरेजा अराफी

**जन्म:** 1959, मेयबोद, ईरान

**पद:** अंतरिम सर्वोच्च नेता (इंटरिम सुप्रीम लीडर), ईरान

**■ पृष्ठभूमि व शिक्षा**

अलीरेजा अराफी एक धार्मिक परिवार से आते हैं। उन्होंने कोम में इस्लामी शिक्षा प्राप्त की, जो ईरान का प्रमुख शिया धार्मिक केंद्र है। वह स्वतंत्र रूप से इस्लामी कानून पर निर्णय देने के पात्र माने जाते हैं।

**■ धार्मिक और प्रशासनिक भूमिका**

मेयबोद और बाद में कोम में जुमे की नमाज के इमाम रहे। अल-मुस्तफा इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रहे।

2019 में गार्जियन काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया गया। यह निकाय कानूनों, उम्मीदवारों की समीक्षा करता है।

असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स से भी जुड़े रहे, जो सर्वोच्च नेता के चयन की जिम्मेदारी निभाती है।

**■ अंतरिम नियुक्ति**

ईरान के संविधान के तहत, सर्वोच्च नेता का चयन असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स करती है। स्थायी चयन तक एक अंतरिम व्यवस्था बनाई जाती है। एक-दो दिन में चुना जा सकता है नया सुप्रीम लीडर

## क्रूज से बलिस्टिक तक, आसमान में वार-पलटवार

Ballistic

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच हमलों में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल हुआ। एक तरफ टोमाहॉक क्रूज मिसाइल, एफ-35 और एफ-18 जैसे फाइटर जेट व कामिकाजी ड्रोन रहे, तो दूसरी ओर ईरान ने बलिस्टिक मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन दागे। पूनम पाण्डे की रिपोर्ट:



### अमेरिका-इस्राइल की स्ट्राइक क्षमता

**F-35 (पांचवी पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर)**
- स्टेल्थ टेक्नोलॉजी
- GPS गाइडेड बम और मिसाइल ले जाने में सक्षम
- स्ट्राइक पैकेज का हिस्सा

**F/A-18 (मल्टी-रोल फाइटर जेट)**
- एयर-टु-एयर और एयर-टु-ग्राउंड मिशन
- बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान

**टोमाहॉक क्रूज मिसाइल**
- लंबी दूरी की प्रिसिजन गाइडेड क्रूज मिसाइल
- समुद्र या जमीन से हो सकती है लॉन्च
- कम ऊंचाई पर उड़ान, एयर डिफेंस से बचने की क्षमता
- रेंज: लगभग 1600 किमी+

**GBU-28 बंकर-बस्टर बम**
- जमीन के नीचे बने ठिकानों/कमांड सेंटर को निशाना
- कंक्रीट संरचनाओं को भेदने में सक्षम

*एक्सपर्ट्स के अनुमान के अनुसार*

**कामेकाजी (स्यूसाइड) ड्रोन**
- लक्ष्य से टकराकर विस्फोट
- मिसाइल के मुकाबले कम लागत

(इस्राइली डिफेंस फोर्सेस के अनुसार, करीब 200 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया)

### ईरान की कार्रवाई

**मीडियम और लॉन्ग रेंज बलिस्टिक मिसाइलें**
- लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम
- तेज गति से लक्ष्य पर प्रहार

**आर्म्ड/आत्मघाती ड्रोन**
- विस्फोटक से लैस
- कम लागत, बड़े पैमाने पर उपयोग संभव



### खामेनेई की मौत के बाद मोसाद फिर चर्चा में

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद चर्चा में है। सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद का एक पुराना विडियो वायरल है, जिसमें उन्होंने तुर्किये के चैनल को दिए इंटरव्यू में दावा किया था कि मोसाद के खिलाफ बनाई गई ईरानी खुफिया इकाई का प्रमुख ही कथित तौर पर मोसाद से जुड़ा निकला। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 2024 के लेबनान पेजर विस्फोट हमले के बाद भी मोसाद की कार्यशैली पर चर्चा हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी इस्राइल ने औपचारिक रूप से नहीं ली।

## CIA ने रखी नज़र, इस्राइल ने बनाया निशाना

Israel

NBT रिपोर्ट

**पश्चिम एशिया** की राजनीति उस वक्त हिल गई जब इस्राइल डिफेंस फोर्सेज (IDF) ने बयान जारी कर कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई एक बड़े सैन्य ऑपरेशन में मारे गए। सेना के अनुसार यह कार्रवाई तेहरान स्थित उनके नेतृत्व परिसर पर CIA के सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर की गई।

The Times of Israel ने सैन्य बयान के हवाले से बताया कि खामेनेई पर इस्राइल के खिलाफ नेटवर्क खड़ा करने के आरोप थे। ईरान की सरकारी एजेंसी Islamic Republic News Agency (IRNA) ने भी अमेरिकी-इस्राइली हमलों में उनकी मौत की पुष्टि की। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने उनके मारे जाने की घोषणा की थी। पूरे ऑपरेशन में Central Intelligence Agency (CIA) की भूमिका अहम बताई गई। एजेंसी कई महीनों से खामेनेई की गतिविधियों, ठिकानों और मूवमेंट पैटर्न पर नजर रखे हुए थी। 'हाई फिडेलिटी' इंटेलिजेंस साझा करने को हमले की टाइमिंग तय करने में निर्णायक माना गया।



इस्राइल ने हवाई हमलों की फुटेज जारी की।

### ट्रंप का ईरान पर आरोप
- जिनेवा में अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का ठप होना
- जून युद्ध में क्षतिग्रस्त परमाणु सुविधाओं के पुनर्निर्माण की शुरुआत
- ट्रंप का दावा, ईरान हर महीने किसी न किसी हमले में शामिल रहा

### क्या खामेनेई अलग इमारत में थे?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी बैठक कर रहे थे, खामेनेई उसी परिसर की एक अलग लेकिन नजदीकी इमारत में मौजूद थे। ठिकाने की पहचान होते ही इस्राइली विमानों ने सटीक बमबारी की। ईरानी मीडिया के अनुसार, शुरुआती हमले के बाद उन अन्य स्थानों पर भी हमले हुए जहां खुफिया अधिकारी ठहरे थे।

### कब और कैसे हुआ हमला?
- सुबह 6 बजे इस्राइल से लड़ाकू विमान रवाना हुए
- लंबी दूरी की सटीक मिसाइलों से लैस थे विमान
- तेहरान समयानुसार 9:40 बजे मिसाइलें दागी गईं
- परिसर पर 30 बम गिराए जाने की रिपोर्ट
- इस्राइल ने 'टैक्टिकल सरप्राइज' हासिल करने का दावा किया

रिपोर्ट: The New York Times; The Wall Street Journal

### खुफिया बढ़त कैसे मिली?

इस ऑपरेशन की पृष्ठभूमि पिछले वर्ष के युद्ध से जुड़ी थी। अमेरिकी एजेंसियों ने तब दबाव की स्थिति में खामेनेई और IRGC की संवाद व आवाजाही की प्रणाली को समझा, जिससे लोकेशन ट्रैकिंग और पैटर्न विश्लेषण और मजबूत हुआ।

### इस्राइल-सऊदी की सख्ती

The Washington Post के मुताबिक ऑपरेशन 'Epic Fury' से पहले इस्राइल और सऊदी अरब ने वॉशिंगटन पर दबाव बनाया। नेतन्याहू ने हमले का समर्थन किया, जबकि सऊदी क्राउन प्रिंस सलमान ने निजी तौर पर सख्त रुख अपनाया।

## जानें ईरान-इस्राइल संघर्ष में दूसरे दिन क्या-क्या हुआ

### ईरान: मिसाइल और ड्रोन से किया हमला

**अमेरिकी ठिकानों पर IRGC का दावा**
- इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (IRGC) ने दावा किया कि खाड़ी क्षेत्र में US बलों को निशाना बनाया।
- एयरक्राफ्ट कैरियर USS Abraham Lincoln को भी टारगेट करने की बात कही। हालांकि अमेरिका ने ईरान के दावे को खारिज किया।
- अगर यह हमला सच है, तो यह नौसेना युद्ध के इतिहास में पहली बार होगा जब किसी देश ने US के विमानवाहक पोत को बलिस्टिक मिसाइल से निशाना बनाया है।

**यूएई पर हमला**
- संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय के अनुसार 165 बैलिस्टिक मिसाइलें और 541 ड्रोन दागे गए।
- अधिकांश हमले हवा में ही इंटरसेप्ट कर लिए गए। कुछ हमले सफल रहे- पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश के 3 नागरिकों की मौत, 58 लोग घायल।

**■ कुवैत भी निशाने पर**


कुवैत पर 97 मिसाइलें और 283 ड्रोन दागे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक एक व्यक्ति की मौत हुई। 32 घायलों का इलाज चल रहा।

**■ इस्राइल में बढ़ा मौत का आंकड़ा**

इस्राइल पर ईरानी हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हुई। कम से कम 23 लोग घायल हैं।

**■ ओमान के पास तेल टैंकर पर हमला**

ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर को निशाना बनाया गया। ईरानी स्टेट टीवी के अनुसार जहाज डूब रहा था, धुएं में घिरा दिखा। 15 स्टाफ घायल, क्रू में भारतीय भी शामिल।



### इस्राइल: 'नॉन-स्टॉप स्ट्राइक' की घोषणा

**■ दो ईरानी फाइटर जेट तबाह: IDF**


इस्राइल डिफेंस फोर्स (IDF) ने कहा कि उड़ान भरने की तैयारी कर रहे दो ईरानी फाइटर जेट नष्ट किए गए। यह कार्रवाई जारी हवाई अभियानों का हिस्सा बताई गई।

**इस्राइल का ऐलान- हमले जारी रहेंगे**
- इस्राइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान पर 'नॉन-स्टॉप स्ट्राइक' जारी रहेगी।
- ईरान ने जवाब में 'अब तक का सबसे बड़ा हमला' करने की चेतावनी दी।

**तेहरान में धमाका, धुएं का गुबार**
- तेहरान में जोरदार विस्फोट, सरकारी इमारतों वाले इलाके में बड़ा धुएं का गुबार दिखा।
- अखबारों के अनुसार, US-इस्राइली बमबारी शुरू होने के बाद 200 से ज्यादा मौतें हुईं।

# 8 मार्च को बाइक रैली में आ रही हैं न आप...

## कैब ने बदली तकदीर: मिलिए जांबाज़ सीमा चौधरी से!



- 21 की उम्र में शादी के बाद सपने बिखर गए, लेकिन बेटे के भविष्य के लिए नई राह चुनी
- आर्थिक तंगी और घरेलू कलह के बीच हार मानने के बजाय कैब की स्टीयरिंग थामी
- बेटे का एक्सिडेंट और फिर लॉकडाउन में गाड़ी जब्त होने जैसी बड़ी मुश्किलों का किया सामना
- आज बेटा MNC में नौकरी कर रहा है और सीमा अपनी शर्तों पर जीवन जी रही है

Ashu Mishra
@timesofindia.com

■ **गाज़ियाबाद:** मात्र 21 साल की उम्र में एक लड़की को सुनहरे सपने दिखाकर, उसकी शादी कर दी जाती है। मगर ससुराल में गृह प्रवेश के साथ ही उसके सपने बिखर जाते हैं। फिर शुरू होता है ज़िंदगी का असली संघर्ष। एक ऐसा संघर्ष जिसने उस लड़की को बहुत कम उम्र में पहले खुद के लिए फिर अपने बेटे के लिए लड़ना सिखा दिया। रोजी रोटी की खोज उसे बुलंदशहर के एक छोटे से कस्बे से गाज़ियाबाद ले आई, जहां जब कमाई का कोई ज़रिया नहीं मिला तो कैब चलाकर उसने अपना और अपने बेटे का लालन पालन किया। ये कहानी है कैब ड्राइवर सीमा चौधरी की जो राजनगर एक्सटेंशन में और कायमेरा सोसायटी में रहती हैं।



अपनी ज़िंदगी के कठिन पलों को एनबीटी के साथ साझा करते हुए सीमा चौधरी बताती हैं कि शादी के पहले दिन से ही उन्हें समझ आ गया था कि ज़िंदगी की स्टीयरिंग उन्हें अपने हाथों में लेनी है। लेकिन पारिवारिक दबाव और सामाजिक बेड़ियों के कारण वह पूरी तरह यह फैसला नहीं ले पा रही थीं। लेकिन एक निश्चित समय के बाद आर्थिक रूप से ज़िम्मेदार होने के लिए उन्होंने खुद की कॉस्मेटिक शॉप खोली जिसमें उनकी बचपन की दोस्त ने उनका बहुत सहयोग किया। लेकिन पारिवारिक हालात नहीं बदले। वह बताती हैं कि जब उनका बेटा दसवीं में पहुंचा तो तंग आकर उन्होंने अपने पति से अलग होने का फैसला किया। बेटे की 12वीं की परीक्षा होने के बाद उसके भविष्य के लिए वह दिल्ली पहुंचीं।




यहां भी आते ही भगवान ने उनकी परीक्षा लेना बंद नहीं किया। बीटेक में बेटे को एडमिशन दिलाने और कोचिंग सेंटर में दाखिला दिलवाने के कुछ महीने बाद ही बेटे का इतना बड़ा एक्सिडेंट हुआ कि पहले उससे उबरने में ही उन्हें समय लगा। बेटे के ठीक होने के बाद उन्होंने किसी तरह अपने लिए एक गाड़ी फाइनेंस करवाई। बतौर कैब ड्राइवर उन्होंने गाड़ी चलानी शुरू ही की थी कि कोरोना का लॉकडाउन लगा। इस दौरान गाड़ी की किस्त जमा नहीं कर पाने की वजह से उनकी गाड़ी भी ज़ब्त हो गई। लेकिन उन्होंने फिर भी हार नहीं मानी। किसी तरह पैसों का इंतजाम करके उन्होंने वापस कैब चलाना शुरू कर दिया। आज उनकी ज़िंदगी पटरी पर लौटी है। उनका बेटा भी एक मल्टीनैशनल कंपनी में काम कर रहा है। कुछ लोगों से लिया पैसा उन्हें ज़रूर वापस करना है। फिर भी वह ज़िंदगी अपनी शर्तों पर जी रही हैं।

इन चुनौतियों का सामना करने की हिम्मत उन्हें उनकी दोस्त ने दी, जो हमेशा उनके साथ खड़ी रहती हैं। उनका बेटा उनकी ताकत है। उन्हें उम्मीद है कि आगे उनकी राह और आसान होगी क्योंकि उन्होंने लड़ना सीखा है, हार मानना नहीं।

हिस्सा लेने के लिए 7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें।

**जगह**
ए ब्लॉक पार्किंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली

**तारीख**
8 मार्च 2026, रविवार

इस NBT ऑल वुमन बाइक रैली के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और हमें अपनी प्रेरणादायक कहानी 300 शब्दों में लिखकर nbtreader@timesofindia.com भेजें। साथ ही अपनी एक फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में लिखें Bike Rally. सबसे प्रेरणादायक कहानियों को हम नवभारत टाइम्स में प्रकाशित करेंगे।




## ठगों को किराये पर दिलाया था बैंक खाता, हुआ गिरफ्तार

■ NBT न्यूज़, रेवाड़ी



**क्रेडिट कार्ड** की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे एक लाख रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार हुआ है। आरोपी ने ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराया था। आरोपी जनार्दन दुबे उत्तर प्रदेश के औरैया का रहने वाला है। मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार हो चुकी है। पुलिस के अनुसार 6 जुलाई को श्यामनगर के मिन्नू कुमार ने शिकायत दी थी कि उन्हें अनजान नंबर से कॉल आया, कॉलर ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट का बढ़ाने के नाम पर ओटीपी भेजे, इसके बाद उनसे एक लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और कानपुर से आरोपी आयुष तिवारी को पकड़ा। आरोपी आयुष के बैंक खाते में ही ठगी के एक लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। अब जनार्दन को अरेस्ट किया है। जनार्दन ने ही आयुष का खाता ठगों को उपलब्ध कराने में मध्यस्थता की थी। पुलिस पूछताछ कर रही है।

## सरकारी नौकरी का झांसा देकर करता था ठगी, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**आईजीआई मेट्रो** पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेश के रूप में हुई है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

डीसीपी कुशाल पाल सिंह के अनुसार, 15 नवंबर 2025 को गुरुग्राम निवासी योगेश ने थाना आईजीआई मेट्रो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सुरेश ने वर्ष 2021-2022 के बीच गृह मंत्रालय में लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8,55,000 रुपये ले लिए। पुलिस ने मामले की जांच कर केस दर्ज किया।

डीसीपी के अनुसार, इंस्पेक्टर संदीप शर्मा की देखरेख में एसआई नरेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल दिलदार और कॉन्स्टेबल गोविंद राम ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी सरकारी विभागों में उच्च मांग वाली नौकरियों का लालच देता था। मोटी रकम वसूलने के बाद वह मोबाइल फोन बंद कर देता और परिवार सहित अपने निवास स्थान से फरार हो जाता था। तकनीकी निगरानी से बचने के लिए वह पूरी तरह से गोपनीय जीवन जी रहा था।

डीसीपी के अनुसार, रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने द्वारका एक्सप्रेसवे के पास आरोपी को घेर लिया। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। पुलिस ने पीछा करने के बाद उसे दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला है कि आरोपी सुरेश कोई पहली बार अपराध करने वाला नहीं है। वर्ष 2017 में हिसार की अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया हुआ है। उसके खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और चेक बाउंस जैसे मामलों में पांच से अधिक केस दर्ज हैं। अभी तक की जांच में विभिन्न जिलों में करोड़ों रुपये की ठगी से जुड़ी अन्य शिकायतों का पता चला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

## साले और ससुर पर किया हमला, 4 अरेस्ट


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**तुर्कमान गेट** इलाके में पारिवारिक विवाद में दमाद ने अपने भाई और रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपने साले, ससुर और उनके रिश्तेदार पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हालांकि चांदनी महल पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से वारदात में शामिल पीड़ित के दमाद समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल 3 चाकू और एक स्कूटी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पीड़ित के दमाद वसीम (31), फहीम (33), सलमान (27) और मोहम्मद अली (23) के तौर पर हुई है। चारों चांदनी महल इलाके के रहने वाले हैं।

सेंट्रल जिले के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि 24 फरवरी को चांदनी महल पुलिस को तुर्कमान गेट स्थित शताब्दी मेडिकल सेंटर में चाकूबाजी के संबंध में पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना के बाद तुरंत पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पता चला कि वसीम की पत्नी को उसकी बहन ने कुछ परेशानी होने पर अस्पताल में भर्ती कराया था। इसकी जानकारी मिलने पर उसका पति वसीम अपनी मां के साथ अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में वसीम और उसके ससुराल पक्ष के बीच कहासुनी शुरू हो गई। फिर वसीम और उसके साले के बीच मारपीट होने लगी। वसीम ने अपने भाई फहीम को मदद के लिए बुलाया। फहीम अपने दोस्त सलमान और मोहम्मद अली के साथ अस्पताल पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने मिलकर वसीम के साले पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट में गंभीर चोटें आईं। जब वसीम के ससुर अपने रिश्तेदार के साथ अपने बेटे को बचाने गए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला किया। उनके बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अस्पताल परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया गया।

वसीम ने बताया कि उसका अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता था। उसे शक था कि उसका साला उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप कर रहा है। इसी कारण घर में लगातार तनाव बना रहता था। उसने साले को सबक सिखाने की योजना बनाई थी।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-03-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP4 User: cci Time: 03-01-2026 22:12 Color:



# BJP राजनीति करे, हम काम करेंगे: केजरीवाल

## जंतर मंतर पर हुई रैली में पहुंचे AAP प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**शराब घोटाला** मामले में राउस एवेन्यू कोर्ट द्वारा आरोप मुक्त किए जाने के बाद रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर पर जनसभा को संबोधित किया। केजरीवाल ने बीजेपी और पीएम मोदी पर कई तरह के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे लोगसत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे। आज से यह बदलाव की गिनती शुरू हो गई है। प्रदर्शन के दौरान केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे।

> केजरीवाल ने दिल्ली की बीजेपी सरकार और पीएम मोदी पर जमकर साधा निशाना

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मोदी सत्ता के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचते हैं। इसके लिए एसआईआर, वोटर लिस्ट से नाम काटने-जोड़ने, पैसे-साड़ियां बांटने पड़े, जो करना पड़े, लेकिन इनको सिर्फ सत्ता चाहिए। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल 2011 को इसी जंतर मंतर पर देश के लोगों ने हुंकार भरी थी और देश से कांग्रेस का सफाया हो गया था। आज जंतर मंतर का यह दिन भी ऐतिहासिक है। एक मार्च 2026 के बाद बीजेपी की देश भर से उल्टी गिनती शुरू हो गई है।



केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मोदी सत्ता के लिए षड्यंत्र रचते हैं

इस दौरान केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी और अमित शाह ने मुझे गिरफ्तार कर संदेश दिया कि खबरदार सरकार में कोई ईमानदारी से काम करेगा तो उसकी केजरीवाल जैसी हालत कर देंगे। आम आदमी पार्टी में सभी आम लोग युवा हैं और वे मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक बन गए। हमारी सोच थी कि युवाओं को राजनीति में आना चाहिए, लेकिन मोदी ने युवाओं को संदेश दिया कि खबरदार राजनीति में आए तो केजरीवाल वाला हाल कर दूंगा।

केजरीवाल ने कहा कि देश के अंदर उम्मीदें खत्म हो गई थीं, लोगों ने कहना चालू कर दिया था कि इस देश का कुछ नहीं हो सकता है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई और देश के लोगों को एक उम्मीद दी। आम आदमी पार्टी ने 140 करोड़ लोगों को उम्मीद दी कि देश सुधर सकता है, लेकिन मोदी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर 140 करोड़ लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

अरविंद ने कहा कि दिल्ली की बीजेपी सरकार ने 10 हजार बस मार्शल निकाल दिए। हजारों डीटीसी ड्राइवरों, कंडक्टरों को निकाल दिया। मोहल्ला क्लिनिक के कर्मचारियों को निकाल दिया। डिम्स के कर्मचारियों को भी निकाल दिया। अस्पताल में काम करने वाले डेटा एंट्री ऑपरेटर भी निकाल दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार से पूरी दिल्ली दुखी है। सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं। चारों तरफ गंदगी है। लोगों के घर में काला पानी आ रहा है। आज दिल्ली वाले याद कर रहे हैं कि इनसे अच्छा तो केजरीवाल ही था। आज दिल्ली में चुनाव करा लो, बीजेपी को 10 भी सीट नहीं आएगी।

# केजरीवाल के आरोपों को BJP ने किया खारिज़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली बीजेपी** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (AAP) की समस्या यह है कि जरा सी राजनीतिक छूट मिलते ही ये लोग दिल्ली से पंजाब, गुजरात, गोवा से होते हुए इंग्लैंड और अमेरिका तक की समस्याओं का दोष बीजेपी के सिर मढ़ते हुए राजनीतिक बयानबाजी शुरू कर देते हैं।

> वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- केजरीवाल हर चीज के लिए बीजेपी को ही दोष मढ़ते हैं

सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल की मुश्किल यह है कि उन्हें 11 साल दिल्ली में सरकार चलाने का मौका मिला और अब 3.5 साल से पंजाब में सरकार चला रहे हैं। दोनों जगह उन्होंने जीरो विकास दिया है, लेकिन वह उस पर नहीं बोलते, वह दिल्ली की एक साल की सरकार पर सवाल खड़ा करना चाहते हैं, गुजरात और गोवा में अनेक बार नकारे जाने के बाद भी वहां की बीजेपी सरकारों से जवाब मांगते हैं।

सचदेवा ने कहा, मुख्यमंत्री ने 7 दिन में सातों संसदीय क्षेत्रों में जनता के बीच अपना रिपोर्ट कार्ड रखकर देशभर में अनूठी मिसाल पेश की है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने लोक निर्माण विभाग, जल बोर्ड, बाढ़ नियंत्रण विभाग, परिवहन विभाग के माध्यम से हजारों करोड़ के विकास के कामों के साथ ही हर विधानसभा क्षेत्र को 100 करोड़ की योजनाएं विकास का नया अवसर दिया है।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। किसी कारण आज आपको खुद पर नियंत्रण करना पड़ सकता है। कई लोगों के लिए दिन भर आलस का माहौल रहेगा। आपकी परेशानी का कारण छोटी-मोटी टेंशन है। शाम को घर में अधिक समय बिताने से घरवालों को अच्छा लगेगा और मन भी शांत रहेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
दिन भर काफी व्यस्त शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। पैतृक मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। निवेश के मामले में आज समझदारी से फायदा उठाया जा सकता है। शाम को मांगलिक कार्यक्रम में जाने का मौका मिलेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन उत्साह से भरा है। दोपहर तक कोई टेलीफोन कॉल के जरिए किसी खास मामले में जानकारी दे सकता है। विद्यार्थी अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो लाभ मिलेगा। व्यापारी अपने व्यापार में नई तकनीक अपना सकते हैं, जिससे प्रगति के रास्ते भविष्य के लिए भी खुलेंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन आपके लिए विशेष साबित हो सकता है। किसी एक ही तरीके पर काम करना काफी रहेगा। आज कोई जोखिम भरा कदम न उठाएं। परिवार में मौजूद आपके विरोधी फिलहाल कुछ समय तक सिर नहीं उठा पाएंगे और स्थिति आपके पक्ष में रहेगी। मित्रों से आपको सहायता मिलती रहेगी।

**LEO** 23 July - 22 Aug
दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिन में कोई बात या नया विचार हो तो तुरंत आगे बढ़ें, फायदा जरूर होगा। रिश्तेदारों से पुराने गिले-शिकवे दूर करने का समय है। दोस्तों के साथ रहने से लाभ हो सकता है। किसी कारण से घरवालों से बहस हो सकती है, संयम रखें। हनुमानजी के दर्शन करें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपका दिन काफी व्यस्त कर देने वाला होगा। टीम के लिए गए काम का फायदा होगा और इसकी खुशी भी मिलेगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन कम हो जाएगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी मदद करने वाले भी आगे आएंगे। ईमानदारी से किया गया हर काम फलदायक रहेगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपको दिन के पहले हिस्से में फोन कॉल के जरिए कोई खुशखबरी मिलेगी। कार्यालय के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेन-देन और व्यापार में खतरा हो सकता है, इसलिए सतर्क रहें। अगर बिना सोचे धन किसी को उधार दिया या कहीं निवेश किया तो फंस सकता है। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रेम संबंधों के मामले में भी आज अच्छा दिन है, खर्च थोड़ा बढ़ सकता है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
दिन के पहले हिस्से में मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने-फिरने के अवसर मिल सकते हैं और आप इसके लिए तैयार रहेंगे। पार्टी में किसी अच्छे और असरदार लोगों से मेल-मुलाकात होगी तथा कोई खास काम की चिंता भी खत्म होगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज अच्छा समय आया है, इसका पूरा फायदा उठाएं। कार्यालय में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी हो सकती हैं। घूमने-फिरने से कोई जरूरी काम बन सकता है। वित्त से जुड़े कामों में अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद साबित होगा।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपकी किसी से अनबन न हो, इस बात का ध्यान रखें। काम-काज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। व्यापार में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी भी सुखद रहेगी। दिन भर कई काम रहेंगे, लेकिन किसे करना है और किसे टालना है, यह आपको सोच-समझकर तय करना होगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। कार्यालय में साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे परिणाम मिलेंगे। कारोबार से कोई नया और फायदे का विचार सामने आ सकता है। दोस्त के लिए उपहार खरीदते समय अपनी जेब का ध्यान जरूर रखें। आने वाले वक्त में खर्च बढ़ सकते हैं।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन थोड़ा धीमा रह सकता है। धीरे-धीरे आगे बढ़ने से ही लाभ होगा। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं, शायद यह सफलता का आखिरी दौर हो। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय बिताएं, क्योंकि आज खर्च वैसे ही अधिक रह सकते हैं। मित्रों और ससुराल पक्ष से सहयोग मिलता रहेगा। अधिक चिंता न करें।

## क्या कहते हैं आपके नंबर
(2 मार्च - 8 मार्च 2026)



(आचार्य नंदिता पांडे)

**मूलांक 1**
(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)
इस सप्ताह अपने कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी और आपकी तुरंत निर्णय लेने वाली क्षमता द्वारा भी सफलता आप हासिल करेंगे। प्रेम संबंध में भावनात्मक तौर पर समय कठिन रहेगा जिस वजह से मन बेचैन रहेगा। इस सप्ताह आर्थिक मामलों में भी कष्ट बढ़ सकते हैं और किसी हानि की संभावना भी बढ़ सकती है। हालांकि, सप्ताह के अंत में पुराने रुके हुए प्रोजेक्ट्स दोबारा शुरू हो सकते हैं।

**मूलांक 2**
(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होती जाएगी और कालचक्र अब आपको सपोर्ट करता जाएगा व आपके प्रोजेक्ट्स को सही पथ पर लेकर आएगा। इस सप्ताह उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते जाएंगे। आर्थिक मामलों में कोई दो प्रोजेक्ट आपके लिए अच्छे धन प्राप्ति के योग बनाएंगे। प्रेम संबंध में प्रैक्टिकल होकर निर्णय लें तो जीवन में सुख समृद्धि प्राप्त होगी। बातचीत द्वारा किसी भी उलझन को सुलझाएंगे तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

**मूलांक 3**
(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)
इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी व कोई नया प्रोजेक्ट आपके लिए सफलता के मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं किसी अन्य की मदद से भी आपकी लव लाइफ में सुकून रहेगा। आर्थिक मामलों में फोकस की आवश्यकता है व आप जितना अपने निवेशों पर फोकस करेंगे उतना बेहतर परिणाम आपको मिलेंगे।

**मूलांक 4**
(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)
इस सप्ताह आप अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी जोश में रहेंगे और यह सफल भी होते जाएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम को सुदृढ़ करने के कई अवसर आपको इस सप्ताह मिलेंगे। इस सप्ताह आपकी लव लाइफ काफी रोमांटिक रहेगी। आर्थिक मामलों में भी धनवृद्धि के संयोग बन रहे हैं व निवेशों द्वारा फायदे होंगे।

**मूलांक 5**
(जन्म तिथि 5, 14, 23)
यह सप्ताह सोच समझकर निर्णय लेने वाला सप्ताह है। किसी भी मामले को अच्छी तरह से सोचें और फिर निर्णय लें तो बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बातचीत द्वारा उलझनों को सुलझाएंगे तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे। प्रेम संबंध में संयम के साथ लिए गए निर्णय आपके हित में फैसला लेंगे। आर्थिक मामलों में युवा वर्ग पर खर्च अधिक हो सकते हैं व इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है।



**मूलांक 6**
(जन्म तिथि 6, 15, 24)
इस सप्ताह आर्थिक दृष्टिकोण से समय अनुकूल रहेगा एवं धन प्राप्ति के कई संयोग बनेंगे। आप अपनी और अपने प्रियजनों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस आर्थिक निर्णय ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में धीरे धीरे उन्नति होगी और प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग में आगे बढ़ेंगे। प्रेम संबंध में बातचीत द्वारा मामलों को सुलझाएंगे तो बेहतर रहेगा।

**मूलांक 7**
(जन्म तिथि 7, 16, 25)
इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर परिणाम नजर आएंगे एवं थोड़ा सा दान पुण्य भी करेंगे तो अधिक धन प्राप्ति के संयोग भी बनते जाएंगे। कार्यक्षेत्र में किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर बेचैनी अधिक रहेगी एवं मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंध में अचानक से सप्ताह के उत्तरार्ध में स्थितियां बेहतर होती जाएंगी एवं आपसी प्रेम में वृद्धि होगी।

**मूलांक 8**
(जन्म तिथि 8, 17, 26)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी व प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग में आगे बढ़ते जाएंगे। सप्ताह की शुरुआत में साझेदारी में किए गए कोई भी कार्य आपके लिए शुभ परिणाम लेकर आएंगे। आर्थिक मामलों में धीरे धीरे सफलता हासिल होगी और धन वृद्धि के योग बनेंगे। प्रेम संबंध में भावनात्मक तौर पर कष्ट रहेगा और मन अशांत रहेगा।

**मूलांक 9**
(जन्म तिथि 9, 18, 27)
इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी एवं धन प्राप्ति के संयोग पूरे सप्ताह बनेंगे। आप अपने निवेशों को लेकर भी प्रसन्न रहेंगे एवं उनके द्वारा सफलता हासिल होगी। कार्यक्षेत्र में धीरे धीरे उन्नति के मार्ग में आगे बढ़ते जाएंगे एवं प्रोजेक्ट भी सफल होते जाएंगे।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष रजत पाद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी बृहस्पति मार्च तक जहां आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। वहीं अप्रैल में बौद्धिक प्रयासों में भी आशातीत सफलता होगी। मई से लेकर जून तक कुछ जातकों को अप्रत्याशित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जुलाई अगस्त में दूर व नजदीक की धार्मिक यात्रा और देशाटन का योग बनेगा। सितंबर और अक्टूबर में मंगल का आपके कर्म क्षेत्र और व्यय पर हावी रहेगा। नवंबर में नए व्यापारिक कार्यों का आयोजन होगा। दिसंबर महीने के अंत तक अधिकांश जातकों का भाग्य उदय अपने बुद्धि बल और पुरुषार्थ से होगा। विद्यार्थियों के लिए वर्ष प्रतियोगिताओं में सफलता कारक रहेगा। इसलिए ध्यान से पढ़ाई करें। जनवरी से फरवरी अंत तक अविवाहितों के विवाह होंगे। विशेष अच्छे परिणामों के लिए हनुमान जी की पूजा व नमस्कार का व्रत हितकारी सिद्ध होगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (मंगलवार, 3 मार्च 2026)

राष्ट्रीय राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 12, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 20, रमजान 13, हिजरी 1447 (मुस्लिम), यह अनुसार अंग्रेजी तारीख 3 मार्च 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल अपराह्न 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट। पूर्णिमा तिथि शाम 5 बजकर 8 मिनट तक के बाद प्रतिपदा तिथि का आरंभ। मघा नक्षत्र सुबह 7 बजकर 32 मिनट के बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। चंद्रमा दिन रात सिंह राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार होलिका दहन (प्रदोष काल में)।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 4 | | 6 |
| | | 4 | 2 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 9 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | 6 | |
| | | 9 | 1 | | 8 | 3 | | |
| | 4 | | | 7 | | 8 | | |
| | 3 | | 7 | 6 | | | | 8 |
| | | | | | 2 | 5 | | |
| 1 | | 8 | | | | | | 4 |


### TELEVISION



big magic

09:00 बालू डबलू
10:00 बड्डू बुड्ढक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भाड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 वीरा

# गोली चलने की दी थी झूठी सूचना




AI Image


■ NBT न्यूज, सोहना : पुलिस को झूठी सूचना देने पर सोहना के गांव खेड़ला के शख्स पर केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुखपाल सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को गांव खेड़ला के दयाचंद ने 112 पर कॉल कर सूचना दी कि उसके घर के पास झगड़ा हुआ है और गोली चली है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की और पूरे क्षेत्र की जांच की। सामने आया कि वहां कोई गोली नहीं चली थी, केवल मामूली कहासुनी और झगड़ा हुआ था। गोली चलने की बात निराधार थी। झूठी सूचना दे पुलिस को गुमराह करने के मामले में आरोपी दयाचंद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

UTHAVANI



WITH PROFOUND GRIEF
WE INFORM YOU OF THE SAD DEMISE OF OUR BELOVED
JUSTICE VIJENDER JAIN
on Friday 27th February 2026
The uthavani will be held on
Monday 2nd March 2026, Time : 10:00 - 11:00 AM
at Club, Sector 15A, Noida 201301
In reverence and remembrance
Rohit Jain - Shalu Jain (Son & Daughter in law)
Sonika Jain (Daughter), Ananya Jain & Rishabh Jain (Grand Children)



सातवीं पुण्य तिथि
श्री सुरेश चन्द जैन
जो मार्गदर्शक स्तम्भ के रुप में हमारे दिलों में सर्वदा विद्यमान है, हम उस महान आत्मा का निःस्वार्थ, निष्काम, पक्षपातरहित व्यवहार और वात्सल्य को उनकी सातवीं पुण्य तिथि पर याद करते हुए उनकी दैविक शुभाशीषों की कामना करते है।
भावभीनी श्रद्धांजलि सपरिवार
विकास पेपर परिवार, दिल्ली

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019
► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727
TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES




PT. Rajinder Sharma (KALLA)
Aapke Dikhaye Marg Par
Chalte Huye Kuch
Adhure Karyon Ko
Pura Karne Mae
Prayasrat Rahenge........
Smt.Urmila Sharma (KALLA)
Atul Rajinder Kalla, Pankaj Rajinder Kalla
Yuven Kalla. # 9212574742, Mandir Mata Vaishno Devi Gali No-6, Arakashan Road, Paharganj,Yagshala Aaram Bagh, Delhi, Dharamshala, Mandir Mata Vaishno Devi, Haridwar (Uttarakhand)

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |


REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

## Claude Cowork में फीचर्स

AI Image



एंथ्रोपिक ने Claude Cowork में नए फीचर्स जोड़े हैं। इसका मकसद ऑफिस में रोज होने वाले कामों को आसान और तेज बनाना है। अब यह टूल Google Drive, DocuSign और Intuit जैसे सॉफ्टवेयर के साथ मिलकर काम कर सकता है। (NBT)

## सारे काम कर देगा यह सिस्टम

AI Image


परप्लेक्सिटी ने Perplexity Computer नाम से नया सिस्टम लॉन्च किया है। यह काम को ऑटोमेट करने के लिए 19 अलग-अलग AI मॉडलों का इस्तेमाल करता है। हर काम सैंडबॉक्स में करता है, जिससे डेटा सुरक्षित रहता है। (NBT)

## ऑडियो को टेक्स्ट में बदले

AI Image


ऑडियो को टेक्स्ट में बदलने में Wispr Flow ने 89% एक्यूरेसी हासिल की है। यह टूल खासतौर पर कोडिंग करने वालों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि इससे कोडिंग एजेंट्स को 10 गुना ज्यादा कॉन्टेक्स्ट मिल सकता है। (NBT)

**AI के ताज़ा अपडेट्स**

# AI से ईरान पर वॉर



### इतना अहम क्यों बन गया Claude?

Claude पहले से ही अमेरिकी सेंट्रल कमांड के क्लासिफाइड नेटवर्क्स में इंटीग्रेटेड था। यानी यह सिर्फ एक बाहरी टूल नहीं था, बल्कि सैन्य सिस्टम का हिस्सा बन चुका था। इंटेलिजेंस प्रोसेसिंग, प्लानिंग और एनालिसिस में इसकी रीजनिंग कैपेबिलिटी इतनी अहम हो गई थी कि अचानक इसे हटाना अमेरिका के लिए आसान नहीं था। यही वजह है कि ट्रंप के बैन के ऐलान के बावजूद अमेरिकी सेना में इसका इस्तेमाल तुरंत बंद नहीं हुआ। हालांकि, अब सैम ऑल्टमैन की कंपनी OpenAI ने अमेरिकी रक्षा विभाग के साथ समझौता किया है। इसके तहत OpenAI अपने कुछ मॉडल्स को पेंटागन के क्लासिफाइड नेटवर्क पर तैनात करेगा। यानी जो काम अब तक Claude कर रहा था, लगभग वही काम OpenAI करेगा।

Pradeep.Tiwari
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो गई। वॉल स्ट्रीट जर्नल (WSJ) के मुताबिक, इस सटीक हमले में एंथ्रोपिक के Claude AI ने मदद की। खास बात यह भी है कि हमले से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एंथ्रोपिक के इस टूल के फेडरल गवर्नमेंट में इस्तेमाल रोकने का आदेश जारी किया था। हालांकि, Claude का इस्तेमाल सीधे हथियार चलाने या ऑटोमैटिक हमले करने के लिए नहीं हुआ, लेकिन ऑपरेशन की तैयारी, रणनीति और विश्लेषण में इसकी बड़ी भूमिका रही। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के सटीक हमले में Claude AI ने 4 पॉइंट पर खास मदद की।

AP


**US सेंट्रल कमांड ने एयर और मिसाइल स्ट्राइक में ली आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद**



सैटलाइट इमेज में दिखा कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई के ऑफिस पर US का हमला कितना सटीक था।

## अमेरिका के सटीक हमले में 4 पॉइंट पर एंथ्रोपिक के Claude AI ने की मदद

### 1 रीयल टाइम इंटेलिजेंस

ईरान में किन ठिकानों पर हमला करना है, किस मिसाइल बेस पर क्या गतिविधि चल रही है, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (IRGC) के कमांडर किस लोकेशन पर हैं, ऐसे डेटा अमेरिकी सेना के पास थे। ऐसे ही हजारों पन्नों के दस्तावेज, सैटलाइट इमेज और खुफिया इनपुट को तेजी से पढ़कर उनका विश्लेषण करने में Claude AI का इस्तेमाल किया गया। सैटलाइट इमेज में खामेनेई के ऑफिस के आसपास असामान्य गतिविधि दिखी, तो Claude उस तस्वीर को पुराने रेकॉर्ड, खुफिया रिपोर्ट और पिछले पैटर्न से मिलाकर बता दिया कि यह सामान्य मूवमेंट है या सैन्य तैयारी।

### 2 टारगेट की पहचान

अमेरिकी सेना के सामने असली चुनौती यह थी कि इतने सारे संभावित लक्ष्यों में से किसे पहले निशाना बनाया जाए। सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और घर, न्यूक्लियर साइट्स, मिसाइल लॉन्च बेस, कमांड सेंटर, सैन्य गोदाम, हर जगह का अलग रणनीतिक महत्व था। Claude ने इन संभावित लक्ष्यों की वैल्यू और रिस्क का आकलन करने में मदद की। AI ने टारगेट्स को रैंक करने, क्रॉस वेरिफिकेशन करने और आम लोगों के नुकसान को कम करने के लिए कई डेटा पॉइंट्स को जोड़कर सुझाव दिए। इससे अमेरिकी कमांडर्स को तेज और सोच समझकर फैसला लेने में मदद मिली।

### 3 युद्ध की प्रैक्टिस


ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का सबसे बड़ा हिस्सा था 'अगर ऐसा हुआ तो क्या होगा?' अमेरिकी सेंट्रल कमांड की टीम को अंदेशा था कि ईरान बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन स्वार्म्स या प्रॉक्सी ग्रुप्स से जवाबी हमला कर सकता है। Claude का इस्तेमाल इन संभावित स्थितियों की सिमुलेशन चलाने में किया गया। AI ने 100 से ज्यादा संभावित युद्ध परिदृश्यों पर काम किया। जैसे, अगर ईरान 500 से ज्यादा मिसाइलें इस्राइल की ओर दाग दे तो डिफेंस सिस्टम कैसे प्रतिक्रिया देगा। अगर अमेरिकी बेस पर ड्रोन हमले बढ़ जाएं तो कौन सी सुरक्षा रणनीति सबसे कारगर होगी।

### 4 पोस्ट-स्ट्राइक एनालिसिस

हमले के बाद भी Claude की भूमिका अहम रही। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि स्ट्राइक के तुरंत बाद सैटलाइट तस्वीरें, ड्रोन फुटेज और खुफिया रिपोर्ट्स कमांड सेंटर तक पहुंचाई गईं। Claude ने हमले से पहले और बाद की तस्वीरों की तुलना कर यह आकलन करने में मदद की कि दोबारा कार्रवाई की जरूरत नहीं है। AI ने संभावित सेकंडरी डैमेज, जैसे आसपास के स्ट्रक्चर या सिविलियन इलाकों पर असर का भी विश्लेषण किया। AI ने ईरान की सैन्य गतिविधियों और उनके कम्युनिकेशन संकेतों का भी अनुमान लगाया।

**इस्राइल, US बेस पर जवाबी हमला**

# ईरान ने भी मिसाइल और ड्रोन से दिखाई ताकत

AFP


ईरान के जवाबी हमले में इस्राइल के तेल अवीव में आग लग गई।



9 फरवरी को ईरान ने AI विडियो जारी कर मिसाइल और ड्रोन पावर दिखाई थी।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ईरान ने** 9 फरवरी को करीब 2 मिनट का एक AI जेनरेटेड विडियो जारी किया था। इसमें अमेरिकी नेवी के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन जैसे एयरक्राफ्ट कैरियर को हाइपरसोनिक मिसाइलों और ड्रोन स्वार्म के हमले से तबाह होते हुए दिखाया था। विडियो में दिखाया गया कि पहले दर्जनों ड्रोन एक साथ उड़ान भरते हैं, फिर वे आपस में तालमेल बनाकर जहाज को घेर लेते हैं। फिर हाइपरसोनिक मिसाइलें टारगेट की ओर बढ़ती हैं और कुछ ही पलों में बड़ा विस्फोट होता है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के AI जेनरेटेड विडियो का उद्देश्य युद्ध करना नहीं, बल्कि संदेश देना होता है कि ताकत कितनी है। इसी विडियो के बाद चर्चा शुरू हुई कि क्या ईरान ने मिसाइल और ड्रोन सिस्टम को AI से जोड़ दिया है।

**ड्रोन और मिसाइलों में AI के दावे:** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) पहले भी दावा करता रहा है कि उसने अपने Shahed सीरीज के ड्रोन और कुछ बैलिस्टिक मिसाइलों में AI बेस्ड टारगेटिंग सिस्टम जोड़े हैं। इससे हमलों की सटीकता बढ़ी है और ड्रोन स्वार्म, यानि एक साथ कई ड्रोन का हमला, ज्यादा प्रभावी हुआ है। शनिवार को अमेरिका और इस्राइल के हमले के बाद काफी हद तक यह सही भी दिखा। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इस्राइल के तेल अवीव जैसे अहम शहरों को निशाना बनाकर नुकसान पहुंचाया। हालांकि, कई विश्लेषकों का मानना है कि ईरान में AI इंटीग्रेशन की कोशिशें जरूर हो रही हैं, लेकिन इनका बड़े पैमाने पर युद्ध में सफल और प्रमाणित इस्तेमाल अभी स्पष्ट नहीं है।

### डेटा प्रोसेसिंग वॉरशिप

जुलाई 2024 में ईरान ने नैशनल AI ऑर्गनाइजेशन की स्थापना की, लेकिन AI की दिशा में तेजी से काम फरवरी 2025 से शुरू हुआ। सेना और IRGC दावा करते रहे हैं कि वे कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, बॉर्डर सिक्योरिटी और प्रिसिजन टारगेटिंग में AI को शामिल कर रहे हैं। ईरान ने नेवी में अहवाज डेटा प्रोसेसिंग वॉरशिप भी शामिल किया और 1,000 AI सक्षम कॉम्बैट ड्रोन तैनात करने ऐलान किया। ऑटोनॉमस कॉम्बैट रोबोट्स का भी ईरान ने टेस्ट करने का दावा किया। ईरान AI के क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है, पर बेसिक स्ट्रक्चर रफ्तार रोक रहे।

अगर आप भी AI से जुड़ी किसी जानकारी या सवाल का जवाब चाहते हैं, तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर ईमेल करें। हमारे एक्सपर्ट आपके सवालों के जवाब देंगे। ईमेल के सब्जेक्ट में AI जरूर लिखें।

# NBT जन्मदिन मुबारक

आप भी भेज सकते हैं देश की जानी-मानी हस्तियों को जन्मदिन की बधाई। बस इस QR कोड को स्कैन करें और विश करें।

HAPPY BIRTHDAY HAPPY BIRTHDAY


**2 मार्च**



**टाइगर श्रॉफ**

2 मार्च 1990 को जन्मे टाइगर श्रॉफ जबरदस्त एक्शन और डांस मूव्स के लिए मशहूर हैं। 'हीरोपंती' से डेब्यू कर टाइगर ने 'बागी' सीरीज और 'वॉर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।
@tigerjackieshroff
@iTIGERSHROFF

**5 मार्च**



**सौरभ शुक्ला**


5 मार्च 1963 को जन्मे सौरभ शुक्ला एक्टर और स्क्रीनराइटर हैं। फिल्म 'सत्या' के 'कल्लू मामा' से पहचान बनाने वाले सौरभ को 'जॉली एलएलबी' के लिए नैशनल अवॉर्ड मिला। 'बर्फी' और 'रेड' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी सराहा गया।
@saurabhshuklafilms

**3 मार्च**



**शंकर महादेवन**

3 मार्च 1967 को जन्मे शंकर महादेवन दिग्गज गायक और संगीतकार (शंकर-एहसान-लॉय फेम) हैं। उन्हें पद्म श्री और कई नैशनल अवॉर्ड्स मिल चुके हैं। साल 2024 में उनके बैंड 'शक्ति' ने ग्रैमी अवॉर्ड जीतकर दुनिया भर में नाम रोशन किया।
@shankar.mahadevan
@Shankar_Live



**श्रद्धा कपूर**

3 मार्च 1987 को जन्मी श्रद्धा कपूर ने 'आशिकी 2' से पहचान बनाई। 'एक विलेन', 'हैदर' और हाल ही में 'स्त्री 2' जैसी सुपरहिट फिल्में उन्होंने दी हैं।
@shraddhakapoor
@shraddhakapoor



**सलीम मर्चेंट**

3 मार्च 1974 को जन्मे सलीम मर्चेंट ने 'चक दे! इंडिया', 'फैशन' और 'रब ने बना दी जोड़ी' जैसी फिल्मों में शानदार संगीत दिया है। वे एक बेहतरीन गायक भी हैं।
@salimmerchant
@salim_merchant

**6 मार्च**



**सतीश उपाध्याय**

6 मार्च 1962 को जन्मे सतीश उपाध्याय दिल्ली के विधायक हैं। वे दिल्ली प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।
@satishupadhyaybjp
@upadhyaysbjp



**जाह्नवी कपूर**

6 मार्च 1997 को जन्मी जाह्नवी ने फिल्म 'धड़क' से बॉलिवुड में कदम रखा। 'गुंजन सक्सेना', 'मिली' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' जैसी फिल्मों से उन्होंने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी हैं।
@janhvikapoor

**7 मार्च**



**अनुपम खेर**

7 मार्च 1955 को जन्मे अनुपम खेर ने 500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। 'सारांश' से करियर शुरू करने वाले खेर ने 'कर्मा', 'ए वेडनसडे' और 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी शानदार फिल्में दी हैं।
@anupampkher @AnupamPKher

**4 मार्च**



**रोहन बोपन्ना**

4 मार्च 1980 को जन्मे टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना दुनिया के नंबर-1 (डबल्स) खिलाड़ी रह चुके हैं। पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।
@rohanbopanna0403
@RohanBopanna

**8 मार्च**



**हरमनप्रीत कौर**

8 मार्च 1989 को जन्मी हरमनप्रीत महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हैं। अर्जुन अवॉर्ड और पद्म श्री से सम्मानित हरमनप्रीत T20 इंटरनैशनल में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं।
@imharmanpreet_kaur
@ImHarmanpreet

# तीन साल में मार्च की सबसे गर्म शुरुआत



अगले 3 दिन सतही हवाएं तेज चलेंगी

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बीते तीन साल में मार्च की शुरुआत सबसे गर्म रही है। वहीं इस हफ्ते के दौरान तापमान में कमी आने की संभावना भी नहीं है। हफ्ते के अंत तक तापमान बढ़कर 35 डिग्री तक पहुंच सकता है। सोमवार से बुधवार तक सतही हवाएं तेज रहेंगी। इनकी वजह से तापमान बहुत अधिक तेजी से नहीं बढ़ेगा।

**इस हफ्ते के अंत तक तापमान 35 डिग्री को छू सकता है**


रविवार को पूरे दिन धूप खिली रही। तेज हवाओं के बावजूद दोपहर के समय गर्मी महसूस हुई। रविवार को अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 32 से 89 प्रतिशत तक रहा। कई जगहों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर बना रहा। इनमें लोदी रोड का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री, रिज का 31.2 डिग्री, आया नगर का 31.4 डिग्री रहा। वहीं राजघाट का न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री रहा।

**आज साफ रहेगा मौसम:** पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार को आसमान साफ रहेगा। कभी-कभी सतही तेज हवाएं चलेंगी। अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रह सकता है। वहीं 3 से 5 मार्च तक भी सतही हवाएं तेज रहेंगी। अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 से 19 डिग्री तक रह सकता है। वहीं 6 और 7 मार्च को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 33 से 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री तक रह सकता है।

**अगले 10 दिन प्रदूषण का स्तर सामान्य रहने की उम्मीद:** मार्च की शुरुआत सामान्य स्तर के प्रदूषण के साथ हुई है। वहीं अगले दस दिनों तक भी प्रदूषण के इसी स्तर पर बने रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार रविवार को राजधानी का एक्यूआई 191 रहा। मुख्य प्रदूषक ओजोन और पीएम 10 रहे। फरीदाबाद का एक्यूआई 193, गाजियाबाद का 202, ग्रेटर नोएडा का 218, गुरुग्राम का 238 और नोएडा का 169 रहा।

ASHOKA UNIVERSITY

Are you in the
TOP 98 PERCENTILE IN JEE (MAIN)?



SPECIAL MERIT SCHOLARSHIPS
COVERING 100% OF YOUR TUITION FEE
for top achievers in JEE (Main), IISER (IAT), CMI, Indian National Olympiads

BSC (HONS) CS
BSC (HONS) CS + AI

ACCESS TO 250+ RECRUITERS

Renowned faculty with academic backgrounds from IITs, IISc, Stanford, Yale, and other leading institutions | High-impact Careers | Interdisciplinary Learning | Cutting-edge Research

APPLY
for the Undergraduate Class of 2026

Scan to Apply

Disclaimer: Ashoka University is a private university established under the Haryana Private Universities Act. Terms and conditions apply. For detailed eligibility criteria and academic policies, please visit www.ashoka.edu.in

# सरकार आज सवा दो लाख करोड़ का बजट पेश करेगी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री सोमवार को प्रदेश का बजट पेश करेंगे। वर्ष 2024 में एक लाख 89 हजार 876.61 करोड़ तथा 2025 में दो लाख 5017.29 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया था। इस बार यह बजट दो लाख 15 हजार करोड़ के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

सैनी सरकार ने पहले बजट में जहां लाडो लक्ष्मी योजना का ऐलान किया था, वहीं दूसरे बजट में सरकार बुनियादी ढांचा विकास पर फोकस कर सकती है। रविवार को अवकाश के बावजूद वित्त विभाग, प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी विभाग तथा लोकसंपर्क विभाग समेत अन्य कई विभागों के कर्मचारी और अधिकारी दफ्तरों में मौजूद रहे और बजट संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। नायब सैनी का यह दूसरा बजट होगा। बजट में सरकार औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचा मजबूती, शहरों में नए सेक्टरों की मंजूरी, एआई को बढ़ावा देने के लिए शोध आदि विषयों पर फोकस कर सकती है। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए नौ हजार रुपये मासिक भत्ते का ऐलान किए जाने की भी उम्मीद है।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुनियादी ढांचा विकास के बजट में करीब 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। परिवहन और ऊर्जा मंत्री पहले ही अपनी मांगों को सार्वजनिक कर चुके हैं। यह दोनों मामले आम जनता से जुड़े हुए हैं। सरकार का फोकस पुरानी बसों को बदलकर नई बसें सड़कों पर उतारने तथा बिजली आपूर्ति ढांचे को मजबूत करने पर है। ऐसे में इन विभागों को भी बजट में कई तरह की सौगात मिलने की संभावना है। पिछले साल इस सेक्टर को 1254 करोड़ रुपए मिले थे। खेती-किसानी प्रदेश में हमेशा एक बड़ा मुद्दा रहता है, इसलिए इस क्षेत्र में लगभग 1500 करोड़ रुपए होने की उम्मीद है।



- बेरोजगारों के लिए नौ हजार रुपये मासिक भत्ते का ऐलान किए जाने की उम्मीद है
- कृषि के लिए 1500 करोड़ का बजट आवंटित होने की उम्मीद, इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

## हर जिले में बनेगा मेडिकल कॉलेज

। सरकार हर जिले में कैंसर केयर यूनिट और मेडिकल कॉलेज बनाने की तैयारी कर रही है शहरी विकास पर पूरा फोकस रहेगा। राज्य में अप्रैल में निगम चुनाव होंगे। ऐसे में पिछले साल के 5666 करोड़ के मुकाबले इस साल 20 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। पुलिस विभाग की मजबूती के लिए पहले ही कई योजनाओं का ऐलान हो चुका है। जिनमें एटीएस का गठन अहम है। इस बजट में गृह विभाग के बजट की वृद्धि के साथ-साथ एटीएस के गठन को भी मंजूरी मिल सकती है। हरियाणा सरकार पीएम श्री की तर्ज पर सीएम श्री स्कूल खोलने की तैयारी कर रही है। इस बजट में मुख्यमंत्री इन स्कूलों के संबंध में घोषणा कर सकते हैं। पीएम श्री स्कूलों का विस्तार भी किया जाएगा। पिछले बजट में सरकार की तरफ से स्वास्थ्य क्षेत्र को 10159 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इस बजट में मुख्यमंत्री 20 प्रतिशत की वृद्धि कर सकते हैं। शहरों में नए सेक्टरों को मंजूरी मिलेगी।

## फटाफट खबरें

### पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

■ NBT न्यूज, हिसार : फतेहाबाद के गांव अयालकी के पास रविवार दोपहर बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में हिसार रेफर किया गया है। अयालकी निवासी कुलदीप और जगदीप किसी काम से गांव जाडवाला सोतर गए थे। वापस लौटते समय एक्सिडेंट हुआ।

### जमीन के झगड़े में चाचा-भतीजे की हत्या

■ NBT न्यूज, हिसार : सिरसा जिले के कालांवाली क्षेत्र के खोखर गांव में रविवार सुबह दो कनाल जमीन के विवाद में पूर्व सरपंच जरमल सिंह और उनके भतीजे दिलजीत सिंह की हत्या कर दी गई। 4-5 लोग घर में घुस आए और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए। एक पक्ष द्वारा जमीन का सौदा रद्द किए जाने के बाद तनाव बढ़ गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते हमलावर घर में घुसे और हमला कर दिया।

## पीटने और सिर मुंडवाने का आरोप

■ NBT न्यूज, करनाल : मॉडल टाउन एरिया में एक दुकानदार पर 12 साल के बच्चे का सिर मुंडवाने का आरोप है। उसे दुकान के आसपास घुमाया गया। परिजनों का कहना है कि आरोपी ने उसे घंटों तक बाथरूम में कैद कर रखा। बच्चे की मां ने आरोप लगाया कि कि दुकानदार जबरन बेटे को काम पर ले गया। बेटे पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर उसके घंटों तक टॉर्चर किया। बाथरूम में ही उसके बाल कटवाए। उसके साथ दुकान में काम करने वाले लोगों ने भी बेटे के साथ मारपीट की। दुकानदार ने सफाई दी कि बच्चे ने दुकान में चोरी की थी। उससे गलती हुई।

# 2026 में होंगी बंपर भर्तियां, CET और पुलिस भर्ती जल्द


AI Image

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार वर्ष 2026 में बंपर भर्तियां करने जा रही है। इसकी तैयारी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने शुरू कर दी गई है। पुलिस भर्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पहले हाल ही में ग्रुप डी के लिए सीईटी के आयोजन का भी ऐलान किया जा चुका है। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से बताया कि आयोग द्वारा निकट भविष्य में भर्तियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कई विभागों के माध्यम से आवेदन मांगे जाएंगे। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बताया कि एचएसएससी सीईटी में करीब 15 लाख युवाओं के भाग लेने की उम्मीद है। भर्तियों के विज्ञापन जारी होते ही युवा एक गूगल शीट के माध्यम से अपने सुझाव आयोग को दे सकते हैं।


## पुलिसकर्मी पर हमला, वर्दी फाड़ने का आरोप


AI Image

■ NBT न्यूज, करनाल : करनाल के गांव कुंजपुरा में रविदास मंदिर के पास घरेलू विवाद के दौरान शुक्रवार की रात पुलिस टीम पर हमला किया गया। इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल की टीम सूचना पर मौके पर पहुंची थी, जहां एक युवक अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था। समझाने पर आरोपी ने पुलिसकर्मी से हाथापाई कर दी, वर्दी फाड़ दी और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

फैमिली के झगड़े को सुलझाने पहुंची थी पुलिस

## ट्रक से कुचलकर मौत, दूसरा घायल


AI Image

■ NBT न्यूज, पानीपत : पानीपत में नूरवाला अड्डे पर रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ड्राइवर ने सड़क किनारे काम मिलने के इंतजार में बैठे मजदूरों पर ट्रक चढ़ा दिया। इस हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घटना के समय वहां सैकड़ों मजदूर मौजूद थे, जिन्होंने इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। ड्राइवर नशे में बताया जा रहा है। मृतक की पहचान मोहम्मद आरिफ के रूप में हुई है। आरि रविवार को रोजे से था।


## हादसे में दादी और पोते की मौत

■ NBT न्यूज, करनाल : करनाल के सेक्टर-9 में बढ़ा गांव की तरफ से आ रही एक बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दादी और पोती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों रिश्तेदारी में शोक जताने जा रहे थे। डंपर चालक फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार बढ़ा गांव निवासी फूलवती उर्फ फूलो देवी, उनकी पोती दीपिका और बेटा राजबीर बाइक पर सवार होकर करनाल आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अशोका नर्सरी के पास पहुंची, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक असंतुलित हो गई। दादी-पोती उछलकर सीधे डंपर के नीचे आ गईं, डंपर दोनों को रौंदता हुआ चला गया।

बाइक चला रहा युवक हादसे में घायल

## पेड़ से भिड़ा मिनी ट्रक, तीन की मौत



■ NBT न्यूज, भिवानी : भिवानी में रविवार को मिनी ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मिनी ट्रक में 15 से 20 लोग मौजूद थे, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। हादसे की सूचना मिलते ही हरियाणा पुलिस की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस से भिवानी के सामान्य अस्पताल पहुंचाया। वाहन अचानक अपना नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे जा कर पलट गया। जांच अधिकारी ने बताया कि मिनी ट्रक में 15 से 20 लोग सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई।

## पशु रक्षकों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश, दो गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : जिले के शाहबाद में रविवार सुबह तस्करों ने पशु रक्षक दल के सदस्यों पर हमला कर दिया। पशु रक्षक दल के सदस्यों ने उनकी पिकअप गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो तस्करों ने उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। जब पशु रक्षक दल के सदस्यों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा तो तस्करों ने उन पर पत्थरों से हमला कर दिया। दो तस्करों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने उनके खिलाफ FIR दर्ज की थी। सूचना मिली थी कि एक पिकअप गाड़ी में गोवंशों को वध के लिए तस्कर यूपी ला रहे हैं। उन्होंने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने टक्कर मारने की कोशिश की।

## 'सिलेबस को बेहतर बनाएंगे'

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अकादमिक प्लानिंग बोर्ड की बैठक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

यूनिवर्सिटी में अकादमिक प्लानिंग बोर्ड की बैठक


उत्तर मध्य रेलवे
डीपीआर की पीयर रिव्यू हेतु सेक्टर एक्सपर्ट के पैनल में शामिल करने के संबंध में सूचना
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 18.03.2026
उत्तर मध्य रेलवे - निर्माण संगठन
477/26(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ.प्र.
वैबसाइट : www.noidaauthorityonline.in
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो / ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा।
वरिष्ठ प्रबन्धक, वर्क सर्किल–8, नौएडा
स्वच्छ, हरित, सस्टेनेबल, सुरक्षित नौएडा

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Ltd.
No. ONGC/Corp.Mktg/Gas Evacuation/ EOI/2026-27 02/03/2026

Office of The Commissioner (Investment Promotion) & INDEXTb, Government of Gujarat
A/6 State Emporia Bldg. 2nd floor Baba Kharak Singh Marg New Delhi - 110001
Renovation and finishing work of office of the Commissioner (Investment promotion) & INDEXTb Govt. of Gujarat, A/6 State Emporia Bldg. Baba Kharak Singh Marg, New Delhi - 110001
Sealed tenders are invited under two bid system (Technical & Financial) from firms/ agencies for above noted work. Details of bidding documents available in the office of the Commissioner (IP) & INDEXTb, A/6 State Emporia Bldg. 2nd floor Baba Kharak Singh Marg, New Delhi -1 or can be downloaded from https://tender.nprocure.com and www.indextb.com
Bids will be submitted in the office of the Commissioner (IP)/ INDEXTb on or before 17.03.2026 upto 17.00 hrs. Estimated cost is Rs. 29.88 Lakhs inclusive of GST.
Sd/- Junior Resident Officer INDEXTb, New Delhi

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

प्रॉपर्टी | प्रॉपर्टी एन्सलेरीज | लीज और किराए पर | टेंडर और नोटिस | निविदाएं (टेंडर्स) | व्यक्तिगत | खोया एवं पाया | नाम परिवर्तन | भर्ती | भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति | अन्य रिक्तियां | सामान्य

TENDER invited for 1.Integrated Facility Mngmt Services 2.Security services for Amrapali Sapphire Ph-1, Sec-45 Noida Contact: 9717638005, 01204338964, mail: finance.asa@gmail.com Last date submission of bid on 16.03.2026

IT is notified for the information that I, Sumit Dhaiya S/o Hoshiar Singh Dhaiya R/o DP-223, Pitampura Delhi -110034 have lost my original Handing Possession letter above said address. finder please contact 9811222132

I, Pratik Jhunjhunwala, father of Kaanish Jhunjhunwala, residing at C-94, Sushant Apartment, Sushant Lok 1, Gurugram, Haryana 122001, do hereby declare that my child's name has been changed from Kaanish Jhunjhunwala to Kriday Jhunjhunwala. Henceforth, he/she will be known as Kriday Jhunjhunwala for all purposes.

I, Hailey Bawihtlung, residing at 96, 1st Floor, Humayunpur, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029, have changed my name to Hailey Lalremdiki for personal reasons. Henceforth, I shall be known as Hailey Lalremdiki.

I, Parveen Kumar, R/o 33/20, Vishwas Nagar, Shahdara, Delhi-110032, declare that my daughter's name "Lucky" is changed to "Jyoti". Henceforth known as Jyoti.

GP Pipe Manufacturing & Steel Stockyard Facility — At Kochi, Kerala
A fully operational GP(Galvanised Plain) pipe manufacturing, coil handling & storing facility with value added services in Kerala available for
• Contract Manufacturing / OEM
• Lease / Strategic Partnerships
• Expansion support for Steel Companies.
Close proximity to Adani Logistics Park Railway Siding, Port etc
email: steelsservice1@gmail.com

BOOK YOUR PERSONAL ADS
CALL : 18001205474 (Toll Free)
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

EDUCATION FORUM
NIMCET-2026 — NIT MCA COMMON ENTRANCE TEST
Coordinating Institute: National Institute of Technology Tiruchirappalli
Admission to Master of Computer Applications (MCA) Programme in 11 participating NITs and 2 IIITs (Bhopal and Vadodara) of the country is made through NIMCET.
For details on eligibility criteria, online application form and information brochure of NIMCET-2026, please visit the official website: https://nimcet.admissions.nic.in
The Application fee is Rs.1250/- for SC/ST/PwD and Rs.2500/- for UR/OBC/EWS candidates.
Date of opening of online application: 03rd March 2026
Date of closing of online application : 01st May 2026
Date of Examination: 6th June 2026 (Saturday)
Coordinator, NIMCET-2026


HEALTH & WELLNESS
SEX Problems? स्थायी इलाज के लिए चेतन आयुर्वेदा 9817469817
IVF क्यों? आकाश दवाखाना 9953396533 8860003863

ASTRO ZONE
समस्या बताए आसान हल पाए
भविष्यवक्ता वास्तुशास्त्री रत्न विशेषज्ञ दयाल जी — Dayal Darbar
93-1140-1150

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS — For booking please contact Aman : 9312633518

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GALLERIA



TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: cci Time: 03-01-2026 21:46 Color:






# 'फ्लाइट्स कैंसल, हॉस्टल में ठहरे हैं, थोड़ी-थोड़ी देर में धमाके हो रहे'



**दुबई एयरपोर्ट:** फ्लाइट्स कैंसल होने के बाद जानकारी के लिए घंटों इंतजार करते रहे लोग।



**कोच्चि एयरपोर्ट:** इंटरनैशनल उड़ानें टलने के बाद परेशान दिखे हवाई यात्री। सामान के साथ भटकते रहे।



**मुंबई एयरपोर्ट:** फ्लाइट्स कैंसल होने के बाद कुछ यात्री रातभर फंसे रहे। कहा, कोई अपडेट नहीं मिला।



**दुबई से गुहार:** कोटा के कुछ छात्रों ने दुबई से रेस्क्यू की अपील की। सोशल मीडिया पर विडियो डाली।



# 90 लाख भारतीय मिडल ईस्ट में
# केंद्र से सुरक्षित निकालने की गुहार

*इस्राइल-US के ईरान पर हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद मिडिल ईस्ट का एयरस्पेस दूसरे दिन रविवार को भी बंद रहा। दुनियाभर में हवाई यात्री जहां-तहां फंसे रहे। करीब 90 लाख भारतीय खाड़ी देशों में हैं। कई लोगों ने केंद्र सरकार से उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू करने की अपील की। सोशल मीडिया पर सैकड़ों लोगों ने विडियो शेयर कर गुहार लगाई। दुबई में फंसे कोटा के स्टूडेंट सिद्धार्थ जैन ने बताया, वे दुबई के अकैडमी एजुकेशनल जोन में हैं। एक हॉस्टल में ठहरे हुए हैं। पास ही मिसाइल से हमला हुआ है। कहा, थोड़ी-थोड़ी देर में धमाके हो रहे हैं।*

PHOTOS- AFP/AP



ईरान की राजधानी तेहरान में रविवार को इस्राइली मिसाइलें गिरीं, जिससे कई बिल्डिंग्स को भारी नुकसान पहुंचा है।

## पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों को अभी करना होगा और इंतजार

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल में प्रत्यक्ष खतरे का सामना कर रही भारतीय आबादी के अलावा दूसरे देशों से भी यात्री और छात्र वापस आना चाहते हैं। कई देशों के एयरपोर्ट्स पर भारतीय यात्री फंसे हैं, जिनके संपर्क में सरकार बनी हुई है लेकिन जानकार मानते हैं कि फिलहाल एयरस्पेस प्रतिबंधों और नाजुक हालात के चलते सरकार के लिए किसी भी तरह की रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना संभव नहीं। ध्यान देने वाली बात ये है कि पहले भी समय-समय पर युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित देश वापसी के लिए इस तरह के ऑपरेशन चले हैं।

> क्षेत्र के मौजूदा हालात गंभीर, रेस्क्यू संभव नहीं

**क्यों मुश्किल है मौजूदा वक्त में इवैक्युएशन?** जानकारों का मानना है कि पश्चिम एशिया के तमाम देशों में बड़ी तादाद में भारतीय रह रहे हैं। इतनी बड़ी तादाद में लोगों को निकालना ना तो संभव है और ना व्यवहारिक, जब तक स्थिति नियंत्रण से बाहर ना हो जाए। जब तक एयर स्पेस साफ नहीं होगा, तब तक एयरलिफ्ट करने का सोचा भी नहीं जा सकता। वहीं चाबहार पोर्ट के जरिए निकासी इसलिए संभव नहीं क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होरमुज से निकलने वाले जहाजों की मूवमेंट निशाने पर है। इसलिए फिलहाल हालात थोड़े बेहतर होने का इंतजार करना पड़ेगा।

**पिछले साल किया था 4 हजार को रेस्क्यू:** इस्राइल ईरान संघर्ष की वजह से बिगड़े, वेस्ट एशिया के डिवेलपमेंट को देखते हुए भारत सरकार ने बीते साल 18 जून को ऑपरेशन सिंधु लॉन्च किया था। इस ऑपरेशन के जरिए कॉन्फ्लिक्ट जोन से करीब 4415 लोगों को बाहर निकाला था।

### जब 75 हजार को बचाया था

**अंतर्राष्ट्रीय मामलों** के जानकार और दूसरे गल्फ वॉर में भारतीय नागरिकों की निकासी के वक्त सक्रिय भूमिका में रहे एंबेसेडर राजीव डोगरा बताते हैं कि उस वक्त कुवैत और ईराक से लोगों को सड़क के रास्ते जॉर्डन ले जाया गया था, जहां से फिर एयर इंडिया की फ्लाइट्स से देश वापसी की गई। तब 75 हजार लोगों को वापस लाया गया था।

### विदेशी नागरिकों को सलाह

**विदेश मंत्रालय** ने बिगड़ते हालात के चलते भारत में मौजूद विदेशी नागरिकों के लिए सलाह दी कि अगर उन्हें वीजा एक्सटेंशन चाहिए या वो भारत में अपने प्रवास को वैध करना चाहते हैं तो वो फॉरेन रिजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस यानि FRRO से संपर्क करें। इस संबंध में FRRO इस संबंध में सहायता में मदद करेगी।

## दुबई से भारतीयों ने बताया, रातभर तेज धमाके होते रहे

Arvind.Kumar7@timesofindia.com

■ **दुबई में** शनिवार देर रात कई इलाकों में तेज धमाकों की आवाजें सुनाई दीं और आसमान में रोशनी की लंबी लकीरें नजर आईं। मोबाइल पर लगातार अलर्ट और सूचनाएं आती रहीं, जिससे लोग हालात पर नजर बनाए रहे। मिडल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच वहां रह रहे भारतीयों ने भी इन घटनाओं को महसूस किया।

देहरादून के आशीष भट्ट ने फोन पर बताया कि शनिवार दिन में शुरू हुई हलचल रविवार तड़के तक जारी रही। दुबई के जबेल अली इलाके में रह रहे आशीष के मुताबिक, कुछ घंटों के अंतराल पर तेज आवाजें सुनाई देती रहीं और प्रशासन की ओर से मोबाइल पर अलर्ट जारी किए जाते रहे। हालांकि, किसी बड़े नुकसान या अफरा-तफरी की सूचना नहीं है।

**'रातभर ब्लास्ट की सूचना से चिंता में रहे'**

दिल्ली के राहुल, किशन और जतिन ने बताया, रात का माहौल सामान्य दिनों से अलग रहा। मोबाइल पर समय-समय पर अलर्ट आते रहे और हर तेज आवाज पर लोग सतर्क हो जाते थे। उनके अनुसार, आसमान में रोशनी की लकीरें तेजी से गुजरतीं और फिर आवाज के साथ बिखरती दिखाई देती थीं। आसपास के लोगों के बीच चर्चा थी कि यह ड्रोन मार गिराने की कार्रवाई हो सकती है। प्रशासन की ओर से सलाह दी गई कि ऐसी किसी भी घटना के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहें, ताकि आसमान से गिरने वाले मलबे या टुकड़ों से नुकसान न हो। उत्तर प्रदेश के मिलिंद ने बताया कि रातभर विस्फोट जैसी आवाजों की सूचनाएं मिलती रहीं, जिससे लोगों में चिंता रही।

**दिल्ली की गरिमा बोलीं, दुबई में रिश्तेदार सुरक्षित:** दुबई में रह रहे अपनों को लेकर भारत में भी परिजनों की नजरें वहां से आने वाली सूचनाओं पर टिकी हैं। दिल्ली की गरिमा दत्त ने बताया कि उनकी बहन, जीना और उनके दो बेटे कई वर्षों से दुबई में रह रहे हैं और परिवार लगातार उनके संपर्क में है। गरिमा ने कहा कि फिलहाल उनके रिश्तेदार सुरक्षित हैं और वहां स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उनके मुताबिक, अभी 'वेट एंड वॉच' का माहौल है। जुमेराह इलाके के पास रहने के कारण स्वाभाविक रूप से चिंता जरूर हुई थी, खासकर जब कुछ इलाकों के प्रभावित होने की खबरें सामने आईं, लेकिन अभी वे सुरक्षित हैं और सतर्कता बरत रहे हैं। गरिमा का कहना है कि भारत में बैठकर वह महसूस कर रही हैं कि टेलीविजन मीडिया में जिस तरह से खबरें दिखाई जा रही हैं, उससे अनावश्यक डर और चिंता का माहौल बन सकता है।

## दो दिनों में 850 फ्लाइट्स कैंसल, 2 लाख यात्री प्रभावित

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** जंग की वजह से मिडिल-ईस्ट के अधिकतर देशों के एयरस्पेस बंद होने से भारत से मिडिल-ईस्ट देशों को जाने वाली तमाम फ्लाइटों को कैंसल करना पड़ा है। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया कि 28 फरवरी और 1 मार्च, दो दिनों में 850 से अधिक इंटरनैशनल फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी है। एक मार्च को भारत से केवल मिडिल-ईस्ट देशों के लिए जाने वाली 350 से अधिक फ्लाइटों को कैंसल किया गया। इनके अलावा यूके, अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों के लिए कैंसल की गई फ्लाइटों की संख्या अलग है। जानकारों का कहना है कि दो लाख यात्रियों पर सीधा असर पड़ा है। इससे भारतीय एविएशन इंडस्ट्री को अभी तक तकरीबन 500 करोड़ रुपए का घाटा हो चुका है।

> 500 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है

**मिडल-ईस्ट के साथ US-यूरोप की फ्लाइट भी कैंसल:** इस तरह से फ्लाइटों के कैंसल होने से दिल्ली, मुंबई, चेन्नै और हैदराबाद एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों को खड़ा करने के लिए पार्किंग फुल हो गई। भारत से एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयरलाइंस ने अपनी मिडिल-ईस्ट देशों को जाने वाली तमाम फ्लाइटें कैंसल कर दीं। इनमें एयर इंडिया ने अपनी लंबी दूरी वाली फ्लाइट भी कैंसल कर दी। इनमें लंदन, बर्मिंघम, एम्सटर्डम, ज्यूरिक, वियना, कोपनहेगन, मिलान और फ्रैंकफर्ट शामिल हैं। इंडिगो ने भी कुछ लंबी दूरी की फ्लाइट कैंसल की है।

**सरकार ने जारी की अडवाइजरी:** नागर विमानन मंत्रालय, डीजीसीए और तमाम एयरलाइंस ने यात्रियों को अडवाइजरी जारी कर कहा है कि वह अपनी किसी भी इंटरनैशनल फ्लाइट से पहले संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करके अपनी फ्लाइट के स्टेटस के बारे में जरूर पता कर लें कि कहीं वह कैंसल या री-शेड्यूल तो नहीं की गई है। एयरलाइंस का कहना है कि अगर यात्री चाहेंगे तो रिफंड मिल जाएगा या आगे के किसी फ्लाइट का उन्हें टिकट दे दिया जाएगा।

## मिडल-ईस्ट में आज की बोर्ड परीक्षाएं टली

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** CBSE ने ईरान-इस्राइल संघर्ष के मद्देनजर मिडल-ईस्ट क्षेत्र में 2 मार्च को होने वाली क्लास 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं टाल दीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। CBSE के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में निर्धारित परीक्षाएं फिलहाल टाल दी गई हैं।

## क्रूड, गैस और शेयर बाजार... कई जगह दिखेगा जंग का असर

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** जंग लंबी खिंची तो अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल होरमुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई तो क्रूड ऑयल से लेकर गोल्ड-सिल्वर तक में तेजी के आसार बन गए हैं, वहीं शेयर बाजार में सेंटिमेंट और कमजोर हो सकता है। निर्यातकों के लिए भी मुश्किल की स्थिति बन गई है।

**तेल का कितना भंडार?** : भारत अपनी जरूरत का 88% क्रूड ऑयल आयात करता है। अभी पेट्रोलियम का रणनीतिक भंडार 74 दिनों के लिए पर्याप्त है। चिंता है होरमुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही का रुकना क्योंकि दुनिया में क्रूड ऑयल की कुल ढुलाई का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। भारत के कुल क्रूड इंपोर्ट का करीब 50% हिस्सा यहां से आता है।

**दूसरी जगहों से मिल जाएगा क्रूड?** : खाड़ी के इलाके से ढुलाई में 7-8 दिन का समय लगता है। अटलांटिक रूट से 25-45 दिन तक लग जाते हैं। रूस से अधिकांश तेल अटलांटिक रूट से आता रहा है। यानी मसला ज्यादा समय और ढुलाई लागत का है। Kpler के लीड एनालिस्ट सुमित रितोलिया ने कहा, हिंद महासागर और अरब सागर में रशियन कार्गो की उपलब्धता बनी हुई। भारतीय रिफाइनर्स को रूसी तेल का सहारा लेने में दिक्कत नहीं होगी।

**LPG में दिक्कत ज्यादा?** : भारत के LNG इंपोर्ट का करीब 60% हिस्सा होरमुज स्ट्रेट के जरिए आता है। रितोलिया ने कहा, 'भारत के पास क्रूड का जितना बड़ा रणनीतिक भंडार है, उतना LPG का नहीं है।'

### प्रपत्र IV

*प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण अधिनियम, 2023 के अनुसार प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली के स्वामित्व और अन्य विवरणों के बारे में विवरण*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन का स्थान | : | द टाइम्स ऑफ इंडिया, 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 |
| 2. | प्रकाशन की आवधिकता | : | दैनिक (रविवार को छोड़कर) |
| 3. | क) मुद्रक का नाम | : | राजीव यादव, कृते प्रोपराइटर, बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड |
| | ख) राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| | ग) पता | : | 7 बी एस जेड मार्ग, नई दिल्ली-110 002 |
| 4. | क) प्रकाशक का नाम | : | राजीव यादव, कृते प्रोपराइटर, बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड |
| | ख) राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| | ग) पता | : | 7 बीएसजेड मार्ग, नई दिल्ली-110 002 |
| 5. | क) संपादक (दिल्ली मार्केट) | : | आलोक पांडे |
| | ख) राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| | ग) पता | : | द टाइम्स ऑफ इंडिया, 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110 002 |

**बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड**

दिनांक 28.02.2026 तक कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1% से अधिक शेयर रखने वाले शेयरधारकों की सूची।

1) सम्भति प्रोपर्टीज लिमिटेड, 814, प्लॉट नंबर 7, कद्रुश टावर, लक्ष्मी नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली - 110 092

2) भारत निधि लिमिटेड, 3/8, द्वितीय तल, आसफ अली रोड, दरिया गंज, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली-110002

3) कैमक्सी फार्मास्यूटिकल एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 3/8, आसफ अली रोड, दरिया गंज, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली-110002

4) कैमिक कमर्शियल कंपनी लिमिटेड, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 22-ए, आसफ अली रोड, दरिया गंज, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली-110002

5) अर्थ उद्योग लिमिटेड, चतुर्थ तल, 15, प्रकाश नगर, मधु विहार, फेज-1, पूर्वी दिल्ली, भारत-110091

6) पाटलिपुत्र प्रॉपर्टीज लिमिटेड, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 3/8, आसफ अली रोड, दरिया गंज, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली-110002

7) सौरभ इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, 814, प्लॉट नंबर 7, कद्रुश टावर, लक्ष्मी नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली-110092

8) अशोका विनियोग लिमिटेड, 77ए, ब्लॉक-बी, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048

मैं, राजीव यादव, एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

2 मार्च, 2026

राजीव यादव
प्रकाशक





गर्मी के दिन!
अब घर में चाहिए
कैलास जीवन
मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम




**आँखों की जलन**
गुनगुने पानीसे चेहरा और आँखें साफ कीजिए. रात को सोते समय कैलास जीवन आँखों की पलकों पर हलकासा लेप लगाकर रुई की पट्टी रखिए. आँखों की जलन से आराम पाइए और शान्त एवम् गहरी निद्रा का अनुभव लिजिए.



**कील-मुहाँसे**
चेहरा गुनगुने पानीसे सेकने के बाद धोकर नरम मुलायम सूती कपडेसे सुखाकर कैलास जीवन हलके हाथोंसे चेहरेपर लगाइए. कील-मुहाँसों की तकलीफ से राहत मिलेगी. चेहरा साफ, कांतिमान होकर निखर आएगा.



**एडियोंका फटना**
पाँव धोकर, कुछ देर तक गुनगुने पानी मे रखिए, नरम बनने के बाद मुलायम सूती कपडे से सुखाएँ. फटी एडियों पर कैलास जीवन धीरेसे लगाएँ. मलना नही. कैलास जीवन त्वचामें घुल जाएगा और फटी एडियों पर असर करेगा. एडियाँ और पाँव की त्वचा साफ, मुलायम बन जाएगी.



**बवासीर / फिशर्स**
एक चम्मच कैलास जीवन में उतनी ही मात्रा पीसी शक्कर मिला कर रोज रात (२१ दिनों तक) सेवन किजिए तथा प्रतिदिन २-३ बार उस जगह पर लगाइए. बवासीर, फिशर्स से राहत मिलेगी. परहेज आवश्यक.

हाथ पाँव और आँखों की जलन, मुहाँसे, मुँह के छाले, एड़ियों का फटना, कटना, जलना, झुलसना, डायपर-नॅपी रॅश आदि के लिए गुणकारी।
विकार अनेक, इलाज एक... आज ही खरीदिए।

Also available on amazon Flipkart netmeds.com
Available in: 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle

Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | Customer Care: Prashant: 91300 26070 | asumkj@gmail.com | www.asum.com

Distributor: Delhi: Gopal Stores: 9810524934, Noida: Ajay Medical: 0120-2527981
Seelampur: Agarwal Ayurvedic: 9711251291, Saraswati Vihar: Saraswati Ayu: 27058720
Motinagar: Ishar Dass & Sons: 9313519596, Con. Circle: Nath: 9899441605,
Gazlabad - Vaishali: Shri Krishna Ayurved: 9873603747
Khan Market: Preet Medicos: 9899659582, Gurgaon: Vashishth Medical: 9873321179
Faridabad: Laxmi Ayurvedic: 9810083760
Also Available at Chandni Chowk, Bhagirath Palace, Khari Baoli.

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली/एनसीआर | सोमवार, 2 मार्च 2026

युद्ध यह तय नहीं करता कि कौन सही है, यह केवल तय करता है कि कौन बचा है। - बर्टेंड रसेल, ब्रिटिश दार्शनिक

## बात बिगड़ न जाए

अमेरिका और ईरान के बीच जब शांति वार्ता का नाटक चल रहा था, उसी दौरान डॉनल्ड ट्रंप ने हमले का आदेश दे दिया। अगर यह वार्ता जारी रहती और किसी अंजाम तक पहुंचती, तो भी इस तरह का संघर्ष केवल वक्त की बात थी। अमेरिका भले बात कर रहा हो ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों की, लेकिन उसके निशाने पर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। और हाल में तो ट्रंप ने इतना लिहाज करना भी छोड़ दिया था कि वह खामेनेई की मौत चाहते थे। लेकिन, अब जब खामेनेई मारे जा चुके हैं, तब भी शायद अमेरिका के लिए यह लड़ाई खत्म न हो।



संघर्ष लंबा चलने का डर

**दशकों का प्रभाव** | शाह के विरोधी, अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के सबसे करीबी सहयोगी, फिर राष्ट्रपति और सुप्रीम लीडर तक - खामेनेई की तमाम भूमिकाओं का ईरान पर करीब पांच दशकों तक असर रहा। जैसे-जैसे वह मजबूत होते गए, अमेरिका के साथ उनका टकराव भी बढ़ता गया। ट्रंप उन्हें सबसे बड़ा दुश्मन मानते थे। उनके जाने के बाद ईरान और अमेरिका समेत बाकी दुनिया के लिए भी यह सवाल बेहद अहम हो जाता है कि अब आगे क्या होगा।

**अराफी को जिम्मेदारी** | ईरानी मीडिया के मुताबिक, अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को अंतरिम सुप्रीम लीडर चुना गया है। स्थायी व्यवस्था तक उनके पास जिम्मेदारी रहेगी। सर्वोच्च पद के लिए खामेनेई के बेटे मोजतबा का नाम भी चर्चा में चल रहा है, लेकिन यह अभी तय नहीं कि अयातुल्लाह के पद तक नहीं पहुंचे हैं। हालांकि इतना तय लग रहा है कि बदली स्थितियों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की भूमिका और ज्यादा बढ़ने वाली है।


**संघर्ष तेज हुआ** | ट्रंप चाहते थे कि ईरान की सत्ता से खामेनेई हट जाएं और वह उन्होंने पा लिया, लेकिन सिस्टम तो अब भी पुराना ही है। IRGC को खामेनेई ने खड़ा किया है। नेतृत्व के स्तर पर उसे झटका जरूर लगा है, पर उसकी ताकत अब भी कायम है। पूरे खाड़ी क्षेत्र में हमले तेज कर उसने इसका सबूत दिया। होर्मुज स्ट्रेट में भी ऑयल टैंकर को निशाना बनाया गया।

**अमेरिका का अतीत** | ईरान की बात करते हुए ट्रंप हमेशा वहां की जनता का जिक्र करते हैं। हालांकि हकीकत यह है कि ईरान पर हमले के विरोध में अमेरिका में ही प्रदर्शन हो गए। सत्ता के खिलाफ गुस्से के बावजूद ईरानी जनता का एक तबका खामेनेई के साथ था। वैसे अमेरिका का खुद का अतीत भी उसके पक्ष में नहीं है। जिन देशों में उसने सत्ता परिवर्तन कराया, वहां हालात पहले से बदतर हो गए। ईरान को लेकर भी डर है कि कहीं पूरा इलाका लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष में न घिर जाए।

### नश्तर

## वह तो तोता है

सुप्रीम कोर्ट ने जब से एक जांच एजेंसी को सरकार का तोता कहा था तब से तोतों के एक ग्रुप में विद्रोह की चिंगारी सुलग रही थी। समय के साथ लोग इस बात को भूल गए, पर तोते नहीं भूले। तोतों ने तय किया कि वे सच बोलेंगे। विद्रोही तोतों को यह पीढ़ी दिल्ली में नेताओं के घर पहुंच गई।



सौरभ श्रीवास्तव


एक रोज नेता जी टहलते हुए तोते के पास पहुंचे। पिंजरे में एक मिर्च रखी और पूछा, 'दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश कौन-सा है?' तोते ने कहा, 'अमेरिका!' 'पर मैंने तो तुम्हें अपने देश का नाम रटाया था!' 'मैं रट्टू तोता नहीं हूं!' नेता जी मुस्कुराए और पिंजरे में रखी मिर्च वापस उठा ली। उन्होंने कुछ रोज तोते की ओर ध्यान नहीं दिया, सोचा इससे उसे अक्ल आएगी। हफ्ते भर बाद वह फिर तोते के पास पहुंचे, पिंजरे में अमरूद का टुकड़ा रखा। तोते ने खाने के बाद कहा, 'सवाल नहीं पूछेंगे?' नेता जी तोते की चालाकी पर मुस्कुराए। उन्होंने अमरूद का दूसरा टुकड़ा तोते को दिखाया और पूछा, 'दुनिया का सबसे बड़ा नेता कौन?' 'मेरा पेट भर गया है, पर आप आस-पास के तोतों को बुलाकर वोटिंग करवा लीजिए!' नेता जी को लगा बात राजनीति की ओर मुड़ रही है, यहां तो जीत उनकी ही होगी। अगले दिन उन्होंने लॉन में पड़ोसी नेताओं के तोतों के 10 पिंजरे रखे गए। हर पिंजरे के आगे चार कार्ड रखे गए, सभी पर एक ही नेता का नाम लिखा था। कार्ड की कतार के अंत में फल रखे गए। पिंजरों के गेट खुले। तोते बाहर निकले और एक साथ चिल्लाने लगे। 'लेकर रहेंगे आजादी, तोतेपन से आजादी, खुलकर बोलने की आजादी!' कहते हुए सारे तोते उड़ गए। नेता जी हैरान थे। उन्होंने नौकरों से पूछा, 'ये नारे कहां सीखे इन्होंने?' एक ने बताया, 'आप तो 10 मिनट बिताते थे इनके साथ, पर ये आपके घर के बाहर होने वाले विरोध-प्रदर्शन की आवाजें दिन भर सुनते थे। अड़ोस-पड़ोस वालों का भी यही हाल रहा होगा।' नेता जी बुदबुदाए, 'सब नोटा दबा गए!'

### एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

## जीवन का काव्य

मजबूत इच्छाशक्ति और अटूट संकल्प के आगे विपरीत परिस्थितियां झुक जाती हैं। इसका सशक्त उदाहरण कश्मीर की संत-कवयित्री लाल देद हैं, जिन्हें लल्लेश्वरी भी कहा जाता है।




बचपन से ही उन्होंने अपमान और यातना का सामना किया। उनकी मां ने भी तिरस्कृत किया। 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह पंपुर के एक परिवार में हुआ, जहां सास की कठोरता और उपेक्षा भी उनकी शिव भक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति को डिगा न सकी। उन्हें आधा पेट भोजन मिलता, फिर भी वह शिवभक्ति में अडिग रहीं। 24 वर्ष की आयु में घर छोड़कर साधना पथ पर निकल पड़ीं। लोगों ने मंदबुद्धि समझकर उनका उपहास किया, पर वह डटी रहीं। एक सूफी संत सिद्ध श्रीकांत के संपर्क में आने के बाद उन्होंने जीवन के अनुभवों को काव्य में ढालना शुरू किया। उनके ये पद 'वाख' कहलाए, जिनमें जीवन, आध्यात्म और मानवता की सच्ची राह दिखाई देती है। वाख जन-जन की जुबान पर चढ़ गए और दैनिक जीवन का हिस्सा बन गए। एक हजार वर्ष बाद भी कश्मीर में उनका प्रभाव जीवित है। हिंदू और मुसलमान, दोनों उन्हें श्रद्धा से याद करते हैं। लाल देद की वाणी आज भी कश्मीरियत और मानवीय एकता का संदेश देती है।

खामेनेई की हत्या का दोनों देशों के रिश्तों पर पड़ सकता है असर

# ईरान संकट भारत के लिए चुनौती

**शनिवार यानी** 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमले में ईरान के 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई तेहरान दफ्तर में मारे गए। ईरान के सरकारी मीडिया ने इसकी पुष्टि की। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इराक, खाड़ी देशों और इस्राइल में अमेरिकी बेसों पर मिसाइल दागीं।



हर्ष वी. पंत

**तय थे वारिस** | खामेनेई की हत्या के बाद ईरान की सत्ता खाली हो गई। वहां का संविधान कहता है कि एक्सपर्ट्स असेंबली जब तक उत्तराधिकारी न चुन ले तब तक तीन लोगों की अस्थायी काउंसिल ही सुप्रीम अथॉरिटी संभालेगी। इसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, जुडिशरी प्रमुख गुलाम होसैन मोहसेनी इजेही और गार्डियन काउंसिल ज्यूरिस्ट शामिल हैं। कहा जा रहा है कि खामेनेई ने पिछले साल ही युद्ध के दौरान कई संभावित वारिस तय कर लिए थे। इनमें ईरानी मदरसे के प्रमुख अयातुल्ला अलीरेजा अराफी, अयातुल्ला मोहसेन अराकी, अयातुल्ला हशेम हुसैनी बुशहरी और संभवतः जुडिशरी प्रमुख मोहसेनी इजेही शामिल हैं। इसके अलावा, खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई और हसन खुमैनी का भी नाम है।

**IRGC रीढ़** | तीन संभावना जताई जा रही है। पहली, यथास्थिति बरकरार रखना। इससे मौलवी आइडियोलॉजी बरकरार रहेगी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ताकत देती रहेगी। दूसरी, IRGC को सीधे मिलिट्री टेकओवर, सुरक्षा सिस्टम का दबदबा और मौलवी संस्थाओं को हटाया जाएगा। तीसरी संभावना है कि अमीरों के बीच संघर्ष होगा, बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए जाएंगे या दलबदल के बीच सरकार गिर जाएगी। ऐसा नहीं लगता कि लोकतंत्र आएगा।





**टकराव का खतरा** | ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही कमजोर है। देश प्रतिबंध, महंगाई, करंसी में गिरावट जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है। अगर नया नेतृत्व भी कट्टरपंथी होता है, तो अमेरिका के साथ टकराव बढ़ने का खतरा है। सिर्फ एक व्यावहारिक और बातचीत के लिए तैयार नया नेता ही प्रतिबंधों में राहत दिला सकता है। लेकिन, अगर लोगों को लगा कि वह दबाव में झुककर समझौता कर रहा है, तो घरेलू मोर्चे पर मुश्किल होगी।

**अमेरिका का विरोध** | ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इराकी कुर्दिस्तान और खाड़ी देशों सहित दो दर्जन से अधिक अमेरिकी बेस को निशाना बनाया। दोहा, दुबई और मनामा में भी हमले हुए। इस्राइल ने अधिकतर मिसाइलें नष्ट कर दीं, लेकिन पूरे देश में सायरन बजा। इराक, यमन और लेबनान में ईरान समर्थित मिलिशिया संघर्ष बढ़ाने को तैयार हैं। आर्म्ड फोर्सेज के प्रमुख मौसवी, रक्षा मंत्री नासिरजादेह और IRGC प्रमुख पाकपुर जैसे वरिष्ठ कमांडरों की हत्या से कमांड एंड कंट्रोल कमजोर हुआ।

**बदलाव संभव** | 'एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस' सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। हिज्बुल्लाह, हूती और इराकी मिलिशिया ने प्रमुख संरक्षक और स्ट्रेटेजिक कोऑर्डिनेटर खो दिया है। छोटे हमले हो सकते हैं, लेकिन तेहरान के निर्देश और फंडिंग के बिना प्रॉक्सी वॉर कमजोर पड़ सकती है। आने वाले हफ्तों में एक्सपर्ट्स असेंबली की बैठक, IRGC की स्थिति और आम लोगों का गुस्सा जैसी तीन बातों पर ध्यान रहेगा। खामेनेई की मौत से 36 साल का संतुलन टूट गया है। ईरान अब बिना परखी हुई काउंसिल, विरोधी दावेदार और युद्ध की परिस्थितियों में खड़ा है।

**भारत पर असर** | खामेनेई की हत्या भारत के लिए भी गंभीर गंभीर चुनौती है। ईरान के साथ आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक रिश्ते हैं। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल पर निर्भर भारत की ऊर्जा सुरक्षा जोखिम में है। ईरान की जवाबी कार्रवाई, शिपिंग रुकावट और स्ट्रेट बंद होने की धमकियों से कच्चा तेल 100 डॉलर से अधिक प्रति बैरल तक जा सकता है, जिससे फ्यूल, ट्रांसपोर्ट और दवाएं महंगे हो सकते हैं। चाबहार पोर्ट, लंबे निवेश और 2024 एग्रीमेंट के बावजूद नेतृत्व परिवर्तन, गुटबाजी और अमेरिकी प्रतिबंध से अनिश्चितता है। इससे पाकिस्तान को बाईपास करने और चीन के असर को कम करने की भारत की रणनीति प्रभावित हो सकती है।

**रहेगी उथल-पुथल** | डिप्लोमैटिक स्तर पर भारत नाजुक संतुलन बनाए रखता है। विदेश मंत्रालय ने गहरी चिंता जताई और बातचीत की अपील की। ईरान की दिल्ली एम्बेसी ने सार्वजनिक रूप से शोक व्यक्त किया, जबकि कश्मीर और लखनऊ में शिया समुदाय ने विरोध किया। कुल मिलाकर खामेनेई की मौत से अभी हालात अस्थिर हो सकते हैं। तेल महंगा हो सकता है और क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। आगे नया नेता कौन और कैसा होगा, इसी पर भारत की कूटनीति निर्भर करेगी।

*(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं)*





## युद्ध का असर सीमाओं पर नहीं, चेतनाओं पर भी

शीतल वर्मा

**ध्यान की** उस अगाध शांति में, जब मैंने अपनी आंखें बंद कीं और संसार के कोलाहल से दूर अपने भीतर उतरने का प्रयास किया, तो मुझे वह शून्यता नहीं मिली जिसकी अपेक्षा थी। मेरा अंतर्मन उन मासूम स्कूली बच्चों की चीखों और युद्ध की उस भयावह विभीषिका से भर गया, जिसने शनिवार को दुनिया को झकझोर कर रख दिया। मुझे एहसास हुआ कि मेरा ध्यान उन आत्माओं के प्रति मेरी एक मूक संवेदना, एक आत्मिक श्रद्धांजलि है।

जब हम ध्यान की गहराई में उतरते हैं, तो हमारे अहंकार और व्यक्तित्व की दीवारें ढहने लगती हैं। हम 'मैं' से 'हम' की ओर बढ़ने लगते हैं। शनिवार की वह घटना केवल एक समाचार नहीं, मानवता के शरीर पर लगा एक गहरा घाव था। मुझे महसूस हुआ कि मेरा हृदय उन पिताओं और माताओं के साथ धड़क रहा है, जिन्होंने अपने भविष्य को मिट्टी में मिलते देखा। उन बच्चों के बस्ते, उनकी अधूरी मुस्कान और उनके वे सपने जो युद्ध की बारूदी गंध में कहीं खो गए, वे सब मेरे ध्यान का केंद्र बन गए।



AI Image

यह एक विरोधाभास जैसा लग सकता है- एक तरफ ध्यान की शांति और दूसरी तरफ युद्ध की क्रूरता। लेकिन वास्तव में यही वह क्षण था जब मेरी करुणा अपनी पराकाष्ठा पर थी। मैंने अनुभव किया कि सच्ची शांति वह नहीं है जो दुनिया की समस्याओं से आंखें फेर ले, बल्कि वह है जो दुनिया के दर्द को अपने भीतर समाहित कर ले और उसे प्रार्थना में बदल दे। मेरी हर श्वास उन बच्चों के लिए मौन प्रार्थना बन गई थी। मैंने महसूस किया कि युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, हमारी सामूहिक चेतना पर भी प्रहार करता है।

अंत में, उस ध्यान ने मुझे यह सिखाया कि हम सब एक अदृश्य सूत्र से बंधे हैं। मेरी यह श्रद्धांजलि इस बात का संकल्प थी कि मैं अपनी शांति और जागरूकता के माध्यम से इस संसार में थोड़ी और संवेदनशीलता व प्रेम लाने का प्रयास करूंगा, ताकि भविष्य में किसी और बच्चे का बस्ता युद्ध की वेदी पर न चढ़े।

# जीन्स का चैप्टर ही नहीं, मटर सोशल साइंस भी

**गर्मियों में** जो रुतबा आम का है, वैसा ही कुछ जलवा होता है सर्दियों में मटर का। अब मौसम जब दोराहे पर खड़ा है, तब मटर ने भी रंग बदलना शुरू कर दिया है, लेकिन इससे मोह है कि छूटता ही नहीं। मटर परफेक्ट है उन लोगों के लिए जिन्हें प्यार है सरप्राइज से। गिफ्ट पैक-सी होती है इसकी हर फली। अंदर कितने दाने बंद हैं, तब तक पता नहीं चलता, जब तक फली खोली न जाए। उपहारों पर बंधी चमकीली डोरी की तरह फली पर धीमे से फेरी जाती हैं अंगुलियां। अगर ध्यान कहीं और रहा, तो दाने उछल-कूद मचाने लगते हैं। फिर पकड़ने के लिए दौड़िए उनको!

मटर की यह शरारत हजारों साल पुरानी है। उम्र बीती, पर इसका बचपना खत्म नहीं हुआ। मध्य पूर्व के इलाकों में खेती शुरू हुई थी इसकी और फिर वहां से फिर ये पूरी दुनिया में फैली। जब इंसान सीख रहा था कि क्या खाने लायक है और क्या नहीं, तब फली से निकले दानों ने पहली बार भी सरप्राइज ही किया होगा उसे! और ऐसी ही हैरत वैज्ञानिक ग्रेगर जॉन मेंडल को भी हुई, तभी तो कुछ सिकुड़े, कुछ चिकने, कुछ हरे और कुछ पीले दानों को देख उन्हें ख्याल आया जीन्स का। मटर के साथ उनके मेलजोल ने जेनेटिक्स की नींव रख दी।

आनुवंशिकी का चैप्टर ही नहीं, मटर सामाजिक विज्ञान भी है। हर फली अलग है। किसी में दाने छोटे-छोटे होते हैं, किसी में बड़े और भरे हुए। कोई फली कम दानों वाली है, तो कोई इतनी उदार कि गिनती भूल जाएं। यही तो जीवन का पाठ है, विविधता। सब एक जैसे नहीं होते, फिर भी सब एक ही पौधे की उपज हैं। मटर जैसी ही है जीवन की पोटली। हम अनुमान लगाते हैं, उम्मीद करते हैं, पर असली सच्चाई तभी सामने आती है जब परत खुलती है। हर फली सिखाती है कि अनिश्चितता डर नहीं, आनंद भी हो सकती है।

AI Image



जीवन आनंद


शैलेंद्र पांडेय

मटर छीलना आसान काम है, पर इसके लिए समय चाहिए। शुरुआती चंद दाने जब बर्तन में पहुंचते हैं, तो उनके गिरने की एक अलग आवाज आती है। दाने अपनी मौजूदगी को शोर से जताते हैं। लेकिन, धीरे-धीरे जब बर्तन भरने लगता है, तो शांति छा जाती है। खालीपन और अज्ञानता का ऐसा शोर हर जगह मिलेगा आपको।

मटर छीलते हुए हमें यह भी दिखता है कि सारे दाने फली से जुड़े रहते हैं। वे अलग-अलग होते हुए भी एक डोरी से बंधे हैं। यह जुड़ाव याद दिलाता है अपनी जड़ों की। वह उगी किसी खेत में, तोड़ा किसी ने और तौला किसी ने, फिर भी मूल से जुड़ाव खत्म नहीं हुआ। हम भी चाहे जहां चले जाएं आखिरकार हिस्सा हैं किसी फली यानी परिवार, समाज, संस्कृति का। दूर होकर भी संबंध बनाए रखना ही संतुलन है।

### कांटे की बात


ईरान के सम्मानित नेता खामेनेई की हत्या कर दी गई। इसके बाद ईरान चुप नहीं बैठने वाला। जब जिनेवा में अमेरिका-ईरान की शांति वार्ता चल रही थी, उसी समय हमला किया गया। यह हमला कायराना और अमानवीय है।



असदुद्दीन ओवैसी, *AIMIM प्रमुख*

# बचने को कम समय देता है सर्वाइकल कैंसर

*केंद्र सरकार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लड़कियों को फ्री में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) वैक्सीन लगाएगी। यह भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। स्क्रीनिंग की कमी से 60-70% मामलों का पता अडवांस स्टेज में चलता है।*





### जनता जंक्शन — इरफान





# EV की रेस, पीछे छूट रही धरती की फ़िक्र

मृत्युंजय राय


**हिमाचल प्रदेश** के बर्फीले इलाके में दो मोर दिखे हैं। इसके बाद जलवायु परिवर्तन को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हुई है, लेकिन ग्लोबल लीडर्स के बीच इस मुद्दे को लेकर जितनी गंभीरता दिखनी चाहिए, वह अभी तक नहीं दिखी है। और तो और, डॉनल्ड ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति पद संभालने के बाद वैश्विक महाशक्ति अमेरिका इस मुद्दे को लेकर लापरवाह हो गया है। वैसे, कॉरपोरेट वर्ल्ड की ओर से जलवायु परिवर्तन को लेकर लोगों की फिक्र को भुनाने की कोशिश जरूर जारी है, जिसमें सरकारें भी शामिल हैं। इसका औजार बनाया गया है इलेक्ट्रिक गाड़ियों को। इसे जलवायु परिवर्तन रोकने के एक इंस्ट्रूमेंट के तौर पर पेश किया गया। कहा गया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियां इंसानी सभ्यता की इस चुनौती को खत्म कर देंगी। क्या सचमुच ऐसा है? इस दावे की सचाई क्या है?

इसमें कोई शक नहीं है कि इलेक्ट्रिक क्लीन एनर्जी है, लेकिन यह इन गाड़ियों में लगने वाली बैटरी से बनती है। इन्हें बनाने के लिए जिन कच्चे माल की जरूरत होती है, उनकी माइनिंग से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। फिर इनकी माइनिंग के लिए मजदूरों का शोषण भी हो रहा है। जर्नलिस्ट निकोलस निआरकोस (Nicolas Niarchos) ने 'The Elements of Power: A Story of War, Technology, and the Dirtiest Supply Chain on Earth,' नाम की किताब में इसी पहलू पर रोशनी डाली है। वह बताते हैं कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो से लेकर इंडोनेशिया में इन बैटरियों को बनाने में जिस कोबाल्ट और निकेल की माइनिंग हो रही है, उससे पर्यावरण को किस कदर नुकसान पहुंच रहा है।

किताब में निकोलस बताते हैं कि इन देशों में माइनिंग से वहां की धरती किस तरह से तबाह हो रही है। हरे-भरे इलाके उजाड़े जा रहे हैं। पानी के स्रोत प्रदूषित किए जा रहे हैं। निकोलस यह भी लिखते हैं कि कहीं-कहीं इन खनिजों की माइनिंग के लिए बाल मजदूरी भी करवाई जा रही है। जहां कांगो और इंडोनेशिया जैसे देश पर्यावरण की कीमत पर ये काम कर रहे हैं, वहीं चीन इसका असल फायदा उठा रहा है। वह इन खनिजों की प्रोसेसिंग कर रहा है और अपने यहां के इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने वाली कंपनियों को मजबूत भी। निकोलस का दावा है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों में लगने वाली बैटरी बनाने के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल हो रहा है, उसने दुनिया की सर्वाधिक गंदी सप्लाई चेन को जन्म दिया है। वह यह भी लिखते हैं कि बैटरी बनाने की यह पूरी व्यवस्था एक तरह से इलेक्ट्रिक गाड़ियों के क्लीन होने के दावे की धज्जियां उड़ा रही है।

### विचार विंडो

AI Image



निकोलस किताब में जापान के लिथियम आयन बैटरी इनोवेशन और चीन के साइकल से इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बाजार में दबदबा बनाने के बारे में भी बताते हैं। वह लिखते हैं कि चीन ने यह दबदबा भारी सब्सिडी और लचीली औद्योगिक नीति की बदौलत हासिल किया है। इसी वजह से आज चीन की BYD दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक गाड़ी कंपनी बन गई है।

बेशक, चीन अपनी नीतियों के दम से इस उद्योग में बाकी देशों से आगे निकलने में कामयाब हुआ है, लेकिन उसके इस लालच की वजह से बड़ी संख्या में मजदूर बुरी परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं। यही नहीं, इससे जियो-पॉलिटिकल टेंशन भी बढ़ी है। निकोलस ने 1970 के दशक के ऑयल क्राइसिस को आज खनिजों के पीछे भागने की होड़ से जोड़ा है। उन्होंने किताब में दिखाया है कि किस तरह से नीतियां और तकनीक मिलकर धरती को नुकसान पहुंचा रही हैं, भले ही यह सोच-समझकर न किया गया हो। निकोलस ने नीति-निर्माताओं और निवेशकों से सचाई को समझकर समय रहते सुधार लाने की अपील की है।

### रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

## भरोसा न डगमगाए

**28 फरवरी** का संपादकीय 'लापरवाही की हद' पढ़ा। दिल्ली की शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य नेताओं को राहत मिली है। यदि अदालत को पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले और मुकदमा शुरू करने लायक आधार भी नहीं बना, तो स्वाभाविक रूप से जांच एजेंसियों पर सवाल खड़े होते हैं। किसी भी लोकतंत्र में एजेंसियों की विश्वसनीयता सबसे महत्वपूर्ण है। अगर वही कमजोर पड़े तो न्याय व्यवस्था पर भरोसा भी डगमगाता है। राजनीतिक मामलों में पारदर्शिता, संतुलन और निष्पक्षता जरूरी है, ताकि कार्रवाई न्यायसंगत दिखे और हो भी।

राजेश उपाध्याय, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

# 20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच



"कोलकाता में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल खेलना रोमांचक होगा। हमारे खिलाड़ी इसके लिए पूरी तरह तैयार होंगे। हमें ध्यान रखना होगा कि 40 ओवर्स तक अच्छा खेल दिखाना है।" - एडेन मार्करम, कप्तान, साउथ अफ्रीका

कुल मैच 51 | टोटल रन 15933 | विकेट गिरे 652 | 4 1301 | 6 683 | बाउंड्री मीटर

हाइएस्ट स्कोर: प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा) | टीम 256/4 (भारत vs जिम्बाब्वे)

बैटर नंबर-1: 383 एस फरहान (पाकिस्तान) | बोलर नंबर-1: 13 शैडली वान (यूएसए)

*आंकड़े रविवार को साउथ अफ्रीका vs जिम्बाब्वे मैच तक

**25** विकेट गंवाए पाकिस्तान ने मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में डेथ ओवर्स में (16 से 20 ओवर)। पाकिस्तान मौजूदा वर्ल्ड कप में डेथ ओवर्स में सर्वाधिक विकेट गंवाने वाली टीम है

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1 मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में डेथ ओवर्स में सर्वाधिक विकेट किस टीम ने गंवाए हैं?
A) इंग्लैंड B) साउथ अफ्रीका C) भारत D) पाकिस्तान

2 टी20 वर्ल्ड कप के एक ही एडिशन में दो सेंचुरी बनाने वाले पहले बैटर किस प्लेयर का नाम है?
A) साहिबजादा फरहान B) हैरी ब्रुक C) फिल सॉल्ट D) विराट कोहली

**कल के जवाब**
1. A) साउथ अफ्रीका 2. C) 8

**लकी WINNERS**



1 बलजीत सिंह, करमपुरा, दिल्ली



2 कल्पेश, पालघर, महाराष्ट्र



3 नवीता सक्सेना, गाजियाबाद, यूपी

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

# संजू स्पेशल से ईडन पर भारत की जय

**कोलकाता से लाइव**
Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **कोलकाता:** कॉम्बिनेशन के नाम पर कई बार इग्नोर होने के बाद संजू सैमसन ने सही मौके पर धमाका कर दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के 'नॉकआउट' मैच में स्पेशल पारी खेलकर वह भारतीय टीम की जीत के नायक बन गए। संजू की 97* रन (50 बॉल) की पारी की बदौलत भारत ने 196 रन के रेकॉर्ड चेज के साथ टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। टी20 वर्ल्ड कप में इससे बड़ा रन चेज करते हुए भारत ने रेकॉर्ड जीत हासिल की। संजू की इस विनिंग पारी के बाद भारतीय टीम 5 मार्च को मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उतरेगी।

**वर्ल्ड कप में रेकॉर्ड चेज:** रोवमैन पॉवेल और जेसन होल्डर की अंतिम ओवरों में निभाई गई 35 गेंद पर 76* रन की साझेदारी ने वेस्टइंडीज को 195/4 के मजबूत टोटल तक पहुंचाया था। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में कभी इतना बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल ही नहीं किया था। पॉवेल ने 19 गेंदों में 34* रन बनाए, जबकि होल्डर ने 22 गेंदों पर 37* रन जोड़े। पावरप्ले में ही अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आउट हो गए और फिर टोटल तीन अंकों में पहुंचने से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) भी चलते बने। संजू को यहां से तिलक वर्मा का साथ मिला जिन्होंने 15 गेंद पर 27 रन बनाने के अलावा संजू के साथ 42 रन की साझेदारी करके पारी को पटरी पर डाला।

**खामोशी के बीच खुशी भरी चीख:** ईडन में अभिषेक आत्मविश्वास के साथ उतरे थे और सामने बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन के होने के बावजूद खुद स्ट्राइक लिया। अभिषेक ने दूसरी ही गेंद पर चौका जड़ा। तीसरे ओवर में अकील दोबारा आए तो अभी तक स्ट्राइक से दूर रहे संजू ने उन पर दो सिक्स और एक फोर लगाकर रन गति तेज करने का जिम्मा अपने हाथों में लिया। ओवर में 17 रन बन चुके थे, लेकिन अंतिम गेंद को अपने नाम करने की कोशिश में अभिषेक मिस टाइम कर गए और शिमरॉन हेटमायर ने कैच टपकाने की वो गलती नहीं की जो अभिषेक ने फील्डिंग करते वक्त दो बार की थी। खामोशी के बीच स्टेडियम में कैरेबियन प्लेयर्स की खुशी भरी चीख हर भारतीय दर्शक को परेशान करने लगी। यह तकलीफ और बढ़ गई जब पांचवें ओवर में ईशान ने भी हेटमायर को कैच थमा दिया।

**पारी की धड़कन बने संजू:** टीम इंडिया ने 41 रन पर ही अपने दो धुरंधर बल्लेबाजों को गंवा दिया था। संजू इस वर्चुअल क्वॉर्टर फाइनल में भारतीय पारी की धड़कन बनकर क्रीज पर डट गए। पावरप्ले में भारत ने दो विकेट पर 53 रन बनाए, जिसमें संजू के 13 गेंदों पर 24 रन रहे। पावरप्ले के बाद के पहले दो ओवर्स में भारत ने 25 रन बटोरे। ये ओवर वेस्टइंडीज के दो बेहतर गेंदबाजों होल्डर और गुडाकेश मोती ने डाले।

**भारत vs वेस्टइंडीज**

**2** कैच टपकाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के अभिषेक शर्मा ने। इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने कुल 12 कैच टपकाए हैं

**19** सिक्स के साथ टी20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सर्वाधिक सिक्स जड़ने का रेकॉर्ड शिमरॉन हेटमायर ने अपने नाम किया

**20** टी20 इंटरनैशनल मैचों से लगातार वरुण चक्रवर्ती ने हरेक मैच में कम से कम एक विकेट जरूर निकाला है

**35** विकेट हो गए हैं जसप्रीत बुमराह के टी20 वर्ल्ड कप में और वह अर्शदीप सिंह के साथ वर्ल्ड कप में भारत के सबसे सफल बोलर हैं

**50** वां मैच खेला सूर्यकुमार यादव ने कप्तान के तौर पर। टी20I में 50 या इससे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाले वह चौथे भारतीय हैं

**97*** रन की पारी खेली संजू ने वेस्टइंडीज के खिलाफ। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय द्वारा सबसे बड़ी पारी का रेकॉर्ड है





संजू सैमसन
97* रन
50 बॉल
12 फोर
4 सिक्स

### स्कोरकार्ड

**वेस्टइंडीज:** शाई होप बो वरुण 32, रोस्टन चेज का सूर्यकुमार बो बुमराह 40, शिमरॉन हेटमायर का सैमसन बो बुमराह 27, शेरफेन रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या 14, रोवमैन पॉवेल नॉट आउट 34, जेसन होल्डर नॉट आउट 37 **एक्स्ट्रा:** 11 **टोटल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन **विकेट:** 1-68, 2-102, 3-103, 4-119 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-43-0, हार्दिक पंड्या 4-0-40-1, अक्षर पटेल 4-0-35-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-36-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-40-1

### स्लॉग ओवर्स में खोया कंट्रोल

भारतीय गेंदबाजों ने स्लॉग ओवर्स शुरू होने से पहले चार विकेट निकाल लिए थे और वेस्टइंडीज के खाते में सिर्फ 119 रन आए थे। अर्शदीप द्वारा डाले गए पारी के 16वें ओवर से नजारा बदल गया। जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल ने अपने बल्ले के प्रहार से ईडन के शोर को शांत किया। अर्शदीप ने दो सिक्स खाने के अलावा कई अतिरिक्त रन भी दिए जिससे इस एक ओवर में 24 रन बन गए। कैरेबियन बैटर्स ने फिर वरुण और बुमराह को भी निशाने पर लिया। अर्शदीप ने 19वें ओवर में सिर्फ छह रन देकर अपने पिछले ओवर की भरपाई की। इसके बावजूद अंतिम पांच ओवरों में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने बिना विकेट खोए 76 रन बनाए।

**ब्रेन फेड और फिर एक ड्रॉप कैच:** इसके पहले, वेस्टइंडीज ने शुरुआती ओवर में ही मैच में छह डॉट खेली। हार्दिक पंड्या की चौथी गेंद को होप ने शानदार सिक्स में बदलकर कैरेबियन क्रिकेट की पावर हिटिंग की झलक दिखाई। विंडीज को पहला झटका रन आउट के तौर पर दूसरे ओवर में ही मिला। रन चुराने की कोशिश में दोनों बैट्समैन एक ही छोर पर आ गए थे, लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने बॉल गलत छोर पर फेंक दी। ओपनिंग जोड़ी को आउट करने का एक और सुनहरा मौका मिला, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच छोड़ दी।


**बुमराह का डबल स्ट्राइक:** कप्तान ने अभी तक चक्रवर्ती को नहीं बुलाया था। इंतजार नौवें ओवर में खत्म हुआ। वरुण ने होप को अंदर की गेंद पर उलझाकर भारत को पहली सफलता दिलाई तो ईडन पहली बार शोर के महासागर में डूब गया। टीम इंडिया के लिए यह राहत की बात नहीं थी क्योंकि शिमरॉन हेटमायर क्रीज पर आ गए थे। आते ही इस पावरहिटर ने सिक्स जड़े। उन्होंने 12 बॉल पर 27 रन बना लिए थे और हर गेंद के बाद और खतरनाक होते दिख रहे थे। बुमराह ने 12वें ओवर में उन्हें सिर्फ तीसरी गेंद पर ही इस 'सिक्स हिटिंग मशीन' का विकेट निकाल डाला। हालांकि, रिव्यू लेने के बाद थर्ड अंपायर द्वारा आउट दिए गए। कैरेबियन टीम अभी इस सदमे से उबरी भी नहीं थी कि बुमराह ने एक गेंद बाद जम चुके रोस्टन चेज को भी चलता कर दिया।

## World Cup Special Reel

### ऐसा पहली बार हुआ टूर्नामेंट में

मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में कई नए कीर्तिमान बने हैं। कुछ टीमें वर्ल्ड कप के शुरुआती चरण में ही बाहर हो गई, लेकिन उनके खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इसको यादगार बना दिया। एक नजर डालते हैं उन अनोखे रेकॉर्ड्स, खिलाड़ियों और घटनाक्रमों पर, जो टी20 वर्ल्ड कप में इससे पहले कभी नहीं देखे गए

**1 युवराज सिंह सामरा**




**टीम:** कनाडा
**रेकॉर्ड:** टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सेंचुरी लगाने वाले सबसे युवा बैटर बने। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 19 साल 141 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

**2 हैरी ब्रुक**



**टीम:** इंग्लैंड
**रेकॉर्ड:** ब्रुक टी20 वर्ल्ड कप में सेंचुरी जमाने वाले पहले कप्तान हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-8 में 51 बॉल में 100 रन की पारी खेली।

**3 शैडली वान स्काल्कविक**



**टीम:** यूएसए
**रेकॉर्ड:** शैडली ने ग्रुप स्टेज के चार मैचों में 13 विकेट निकाले। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी असोसिएट देश के बोलर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**4 साहिबजादा फरहान**



**टीम:** पाकिस्तान
**रेकॉर्ड:** साहिबजादा ने इस एडिशन में नामीबिया और श्रीलंका के खिलाफ सेंचुरी जमाई। वह टी20 वर्ल्ड कप के एक ही एडिशन में दो सेंचुरी लगाने वाले पहले बैटर हैं। वह एक एडिशन में सर्वाधिक (383) रन बनाने वाले बैटर भी हैं।

**5 स्कॉटलैंड**

**रेकॉर्ड:** स्कॉटलैंड ने ग्रुप स्टेज में इटली के खिलाफ चार विकेट पर 204 रन बनाए। स्कॉटलैंड टी20 वर्ल्ड कप में 200+ स्कोर बनाने वाला पहला असोसिएट देश बना।

**6 डबल सुपर ओवर**

**टीम:** साउथ अफ्रीका Vs अफगानिस्तान
**रेकॉर्ड:** दोनों के बीच हुए ग्रुप स्टेज मैच का विजेता तय करने के लिए डबल सुपर ओवर का सहारा लेना पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप में खेला गया यह पहला सुपर ओवर था।

# सिकंदर ने की भरपूर कोशिश, लेकिन साउथ अफ्रीका जीता

**नई दिल्ली से लाइव**
Sanjeev.Kumar11@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** कप्तान सिकंदर रजा के ऑलराउंड प्रदर्शन (73 रन और 3 विकेट) के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम प्रचंड फॉर्म में चल रहे साउथ अफ्रीका के विजय अभियान पर ब्रेक नहीं लगा सकी। टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाया। पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अफ्रीकी टीम अब कोलकाता में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।

**नहीं मिला किसी का साथ:** टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम की शुरुआत खराब रही। एक छोर पर विकेट गिरते रहे, लेकिन सिकंदर ने मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने महज 43 बॉल पर 8 फोर और 4 सिक्स की मदद से 73 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके अलावा सिर्फ क्लाइव मदांदे (26* रन, 20 बॉल) ही कुछ टिक सके, जिसके दम पर टीम ने 153 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। क्वेना मफाका और कोर्बिन बॉश ने 2-2 विकेट लिए।

**शुरुआत में बनाया प्रेशर:** केवल 154 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत झटकों भरी रही। क्विंटन डीकॉक (0) और कप्तान एडेन मार्करम (4) सस्ते में पविलियन लौट गए। मैच पर जिम्बाब्वे का शिकंजा कसता नजर आ रहा था, लेकिन रयान रिकेल्टन (31 रन) और डेवाल्ड ब्रेविस (42 रन) ने आक्रामक रुख अपनाकर साउथ अफ्रीका से दबाव हटा दिया। ब्रेविस ने महज 18 गेंदों में 4 सिक्स और 2 फोर जड़कर जिम्बाब्वे के बोलर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। बीच में डेविड मिलर (22 रन) ने भी हाथ दिखाए। इसके बाद सिकंदर ने अपनी फिरकी का कमाल दिखाया और तीन विकेट लेकर मैच में रोमांच भर दिया। हालांकि, जॉर्ज लिंडे (30* रन, 21 बॉल) और ट्रिस्टन स्टब्स (21* रन, 24 बॉल) की 53* रनों की अटूट साझेदारी ने 17.5 ओवर्स में ही साउथ अफ्रीका की जीत सुनिश्चित कर दी।

> हारने पर मुझे पहले कभी 'मैन ऑफ द मैच' नहीं मिला। वैसे हर हार अपने साथ कुछ कीमती सबक लेकर आती है। उम्मीद है कि हम पहले से अधिक मजबूत और बेहतर होकर वापसी करेंगे। -सिकंदर रजा, कप्तान, जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम





**90** विकेट हो गए हैं लुंगी एनगिडी के नाम टी20 इंटरनैशनल में। वह इस फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका के टॉप बोलर बन गए हैं

**ब्रीफ स्कोर**

**जिम्बाब्वे:** 20 ओवर्स में 153/7 (सिकंदर रजा 73, क्लाइव मदांदे 26*, क्वेना मफाका 2/21, कोर्बिन बॉश 2/40)

**साउथ अफ्रीका:** 17.5 ओवर्स में 154/5 (डेवाल्ड ब्रेविस 42, रयान रिकेल्टन 31, सिकंदर रजा 3/29)

### एक बार फिर परफेक्ट रेकॉर्ड

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

साउथ अफ्रीकी टीम ने एक बार फिर परफेक्ट रेकॉर्ड के साथ नॉकआउट राउंड में जगह बनाई है। यह टीम पिछले वर्ल्ड कप में भी प्रचंड फॉर्म में थी। उसने ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश, श्रीलंका, नीदरलैंड्स और नेपाल को हराने के बाद सुपर-8 में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और यूएसए को शिकस्त दी थी। सेमीफाइनल में उसके सामने अफगान टीम ने आसानी से घुटने टेक दिए थे। वह खिताबी मैच में भी भारत के खिलाफ बेहतर स्थिति में थी, लेकिन अंत में 7 रन से मैच गवां बैठी। इस वर्ल्ड कप में भी प्रोटियाज ने अब तक के अपने सभी सात मैच जीते हैं। अब सेमीफाइनल में ईडन गार्डन्स में उसके सामने न्यूजीलैंड है।

# हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है:आगा



पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा

■ **एजेंसियां, पल्लेकेले:** सलमान अली आगा ने टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 राउंड से बाहर होने के बाद टीम के कमजोर प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए माना कि दबाव के क्षणों में पाकिस्तान सही फैसले नहीं ले सका। श्रीलंका के खिलाफ पांच रन की जीत के बावजूद पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गया।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान आगा ने कहा, 'हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। बीस ओवर्स के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर्स में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया।' उन्होंने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए आगे कहा, 'हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे।'

**वर्ल्ड कप रिएक्शन**

**कप्तानी छोड़ने का सवाल:** कप्तानी छोड़ने से जुड़े सवाल पर आगा असहज दिखे। उन्होंने कहा, 'अभी कोई फैसला भावनात्मक होगा। हमें समय लेकर ठंडे दिमाग से सोचना होगा।' उन्होंने आगे कहा कि टीम फैसले सामूहिक होते हैं, किसी एक व्यक्ति के नहीं।

**वर्ल्ड कप में निराशा के बाद जयसूर्या छोड़ेंगे कोच का पद**

**कोलंबो:** सनथ जयसूर्या ने टी20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के हेड कोच पद से हटने का फैसला लिया है। सह-मेजबान श्रीलंका सुपर-8 स्टेज में अपने सभी मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच में हार के बाद जयसूर्या ने कहा कि उनका कॉन्ट्रैक्ट जून में खत्म होना था, लेकिन वह उससे पहले ही पद छोड़ना चाहते हैं और इस फैसले पर श्रीलंका क्रिकेट से चर्चा करेंगे।

# धमाकों के बीच फंसी सिंधु और उनके कोच

■ **एजेंसियां, दुबई:** बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने संडे को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियन कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। सिंधु को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियन कोच इर्वान्स्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं। सिंधु ने पीटीआई विडियो को बताया, "जैसे ही हमारा विमान दुबई में उतरा तो हमारे कंट्रोल से बाहर की चीजें होने लगीं। कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे हुए थे उसके बहुत पास एक धमाका हुआ। जब यह हुआ तो मेरे कोच मुश्किल से 100 मीटर दूर थे। अब हमें होटल में रखा गया है। हम ठीक हैं।'

**वॉर का असर**



बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु

### चैंपियंस लीग के मैच स्थगित

**कुआलालंपुर:** एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले के बाद इस हफ्ते पश्चिम एशिया में होने वाले महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप प्लेऑफ मैच को स्थगित कर दिया है। पश्चिम क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग टू और एएफसी चैलेंज लीग क्वॉर्टर फाइनल मैच भी स्थगित किए जाएंगे। वहीं, वॉर की वजह से पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच चल रही सीरीज का दूसरा वनडे मैच अबू धाबी में रद्द कर दिया गया। उधर, फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से भारतीय आइस हॉकी टीम जर्मनी नहीं जा पाई।

### बेयरस्टो ने लगाई मदद की गुहार

**नई दिल्ली:** इंग्लैंड के बैटर जॉनी बेयरस्टो अबू धाबी में फंसे हुए हैं। इंग्लैंड लायंस टीम के साथ बतौर कोच अबू धाबी आए जॉनी ने मदद की गुहार लगाई है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ईरान पर अपना बयान पोस्ट किया था। इसके जवाब बेयरस्टो ने एक्स पर लिखा, 'क्या आप हमें घर पहुंचा सकते हैं?'

## फटाफट खबरें

### गुकेश ने फिर खेला ड्रॉ

■ **प्राग:** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार प्राग इंटरनैशनल चेस फेस्टिवल के चौथे राउंड में भी जारी रहा। चेक रिपब्लिक के डेविड नवारा ने उन्हें ड्रॉ पर रोका। नीदरलैंड्स के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर तीन अंक के साथ बढ़त बनाई। अरविंद चिदंबरम को विन्सेंट केमर से हार मिली।

### लुकाकू का विजयी गोल

■ **मिलान:** रोमेलु लुकाकू ने इंजरी टाइम में गोल दागकर नेपोली को हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। गंभीर चोट के कारण पूरे सीजन में सीमित समय खेलने वाले लुकाकू का यह सीजन का पहला गोल है। यह नेपोली की घर मैचों में पहली जीत रही।

### सीना बने चैंपियन

■ **पुणे:** इटली के युवा फेडरिको सीना ने महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 के मेंस सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में ब्रिटेन के फेलिक्स गिल को 6-3, 5-7, 7-6 से मात दी।

### ओल्बाना को खिताब

■ **चंडीगढ़:** चंडीगढ़ इंटरनैशनल मैराथन में 3500 धावकों ने हिस्सा लिया। फुल मैराथन में इथियोपिया के ओल्बाना एन येहेट और मेस्केरेम तेस्फाये विकाहू ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता।

# आखिरी मैच में हीली की स्पेशल पारी, भारतीय टीम सीरीज हारी

■ **एजेंसियां, होबार्ट:** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने वनडे करियर के आखिरी मैच को यादगार बनाते हुए 158 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीसरे व अंतिम मैच में 185 रन की बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' हीली और बेथ मूनी (106* रन) की शतकीय पारियों की बदौलत सात विकेट पर 409 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हीली ने अपने 126वें वनडे में 98 गेंदों पर 27 फोर और दो सिक्स की मदद से आठवां वनडे शतक जड़ा। भारतीय टीम 45.1 ओवर्स में 224 रन पर सिमट गई। इससे पूर्व, अपने वनडे करियर के आखिरी मैच में उतरी हीली को भारतीय टीम ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया।

**ऑस्ट्रेलिया Vs भारत**
विमिंस वनडे सीरीज, तीसरा मैच



एलिसा हीली

# कनाडा के 'युवराज' बदलना चाहते हैं ट्रेंड

Bhavin.Pandya
@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बीते 17 फरवरी को चेन्नै में न्यूजीलैंड के खिलाफ T20 वर्ल्ड कप में 65 गेंदों पर 110 रन की जबर्दस्त पारी से कनाडा के युवा बैटर युवराज सिंह सामरा सुर्खियों में आए थे। वर्ल्ड कप में कनाडा का सफर काफी पहले खत्म हो चुका है लेकिन सामरा स्वदेश नहीं लौटे हैं। टीम का अभियान खत्म होने के बाद वह मुंबई पहुंच गए। अपने खेल को और निखारने के लिए वह कुछ दिन यहीं रहेंगे। उनके मार्गदर्शक बने हैं जानेमाने कोच ज्वाला सिंह से, जिन्होंने यशस्वी जायसवाल, पृथ्वी शॉ को तराशा है।



कोच ज्वाला सिंह के साथ युवराज

**विडियो कॉल से हुआ था संपर्क:** कोविड के बाद के दौर में ज्वाला से युवराज का संपर्क विडियो कॉल के जरिए हुआ था। इसके लिए युवराज के पिता ने कोशिश की थी। ज्वाला ने बताया, 'तब युवराज के साथ बातचीत और उनकी बैटिंग के विडियोज देखने के बाद लगा कि उनमें गजब का पोटेंशियल है। इसे और निखारने के लिए उन्हें टर्निंग पिच बैटिंग प्रैक्टिस चाहिए। मुझे खुशी है कि उन्होंने वर्ल्ड कप के बाद भारत में रहने का फैसला लिया।'

> मैं हर साल मुंबई आऊंगा, ज्वाला सर के पास ट्रेनिंग के लिए। कनाडा में साल के इस समय मौसम बर्फीला रहता है। माइनस में रहता है टेंपरेचर इसलिए रोज आउटडोर प्रैक्टिस संभव नहीं। -युवराज सिंह सामरा

**मुंबई में मिला आदर्श माहौल:** मुंबई की टर्निंग पिचें, जहां बैटर्स का असली इम्तिहान होता है, सामरा का नया लर्निंग स्कूल है। सामरा ने बताया, 'कनाडा में इस मौसम में बर्फबारी के कारण नियमित आउटडोर अभ्यास मुश्किल हो जाता है। इंडोर नेट्स में तकनीक पर काम तो होता है, लेकिन मैच वाली सिचुएशन की फीलिंग नहीं आ पाती। मुंबई की पिचें उन्हें वही चुनौती दे रही हैं-धीमी सतह, अचानक टर्न, असमान उछाल, जहां बल्लेबाज को हर गेंद पर सोचना पड़ता है।' सामरा ने बताया कि कनाडा में केवल क्रिकेट खेलकर भारत की तरह जीवनयापन संभव नहीं। वहां नौकरी या अन्य पेशेवर काम भी करना पड़ता है।

# सविता बाहर, टेटे को मिली टीम की कमान

■ **एजेंसियां, हैदराबाद:** हॉकी इंडिया ने विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया निजी कारणों से टूर्नामेंट से हट गई हैं। सलीमा टेटे को टीम की कमान सौंपी गई है। यह क्वॉलिफायर आज से 14 मार्च तक हैदराबाद में खेला जाएगा।

**वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर**



कप्तान सलीमा टेटे

**टीम:** बांसरी सोलंकी, बिच्छू देवी खारीबम, सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी, नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा दादासो पिसल, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर, अन्नू।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in